# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, गुरुवार, 27 नवंबर 2025

संवत 2082, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष 7 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 77 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ अरुणाचल प्रकरण से उठी राष्ट्रीय एकता की आवाज

रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी ◀◀ 6


## उत्पाद विभाग ने ट्रक से बरामद की 75 लाख की शराब

### आलू की बोरी के नीचे छिपाकर की जा रही थी शराब की तस्करी

**संवाददाता**

**गिरिडीहः** शराब तस्करों के खिलाफ गिरिडीह उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। उत्पाद विभाग ने बंगाल से बिहार जा रहे एक ट्रक को पकड़ा है। ट्रक के ऊपर आलू की बोरियां लदी थीं, जबकि अंदर शराब की पेटियां। ट्रक में शराब की कुल 8 सौ पेटियां मिली हैं, जिसकी कीमत लगभग 75 लाख आंकी गई है। इस दौरान एक कार भी जब्त की गई है, जो ट्रक को स्कॉट कर रही थी।



मेड इन चंडीगढ़ की शराब जब्तः जिन शराब की पेटियों को बरामद किया गया है, उसमें मेड इन चंडीगढ़ लिखा हुआ है। अब उत्पाद विभाग इस बात की पड़ताल कर रही है कि शराब नकली है या असली। उत्पाद विभाग के अवर निरक्षक रवि रंजन ने बताया कि तस्कर कृषि उपज के इस्तेमाल को ढाल बनाकर शराब की तस्करी कर रहे हैं, ताकि जांच से बचा जा सके। तस्करों की योजना शराब को बिहार भेजने की थी लेकिन समय पर सूचना मिल गई और शराब को जब्त किया गया।

पंजाब-हरियाणा के हैं आरोपीः रवि रंजन ने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर से हरिंदर सिंह, बिंदर सिंह, हरपीत सिंह और दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी पंजाब और हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। प्राथमिक पूछताछ में कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आई हैं, जिसके आधार पर उत्पाद विभाग तस्कर नेटवर्क को खंगाल रहा है। अवर निरीक्षक रवि रंजन ने बताया कि यह कार्रवाई तस्करों और माफिया के खिलाफ बड़ी उपलब्धि है। अवैध शराब कारोबार से राज्य को भारी राजस्व नुकसान हो रहा था। विभाग ने आश्वासन दिया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए निगरानी और कड़ी की जाएगी।

## व्हाइट हाउस के पास फायरिंग,दो नेशनल गार्ड घायल, भड़के ट्रंप



**नई दिल्लीः** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी के डाउनटाउन क्षेत्र में में बुधवार को कई लोगों को गोली मार दी गई। इस घटना में अमेरिकी नेशनल गार्ड के कम से कम दो सदस्य घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पुष्टि की कि गोलीबारी व्हाइट हाउस के पास हुई और शहर की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने लोगों से क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। नेशनल गार्ड के जवान कई राज्यों से महीनों से वॉशिंगटन डीसी में तैनात हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश की राजधानी में अपराध-विरोधी अभियान के तहत, जिसे बाद में पूरे देश के अन्य शहरों में भी विस्तारित किया गया है। घटना के बाद ट्रंप बेहद गुस्से में नजर आए। उन्होंने गोली चलाने वाले को जानवर कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- जिस जानवर ने दो नेशनल गार्ड्समैन को गोली मारी, जिनमें से दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और अब दो अलग-अलग अस्पतालों में हैं, वह भी गंभीर रूप से घायल है, लेकिन फिर भी उसे बहुत बड़ी सजा मिलेगी। उन्होंने आगे लिखा- भगवान हमारे महान नेशनल गार्ड, और हमारी पूरी सेना और कानून प्रवर्तन बलों को आशीर्वाद दें। ये वास्तव में महान लोग हैं। मैं, संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में, और राष्ट्रपति कार्यालय से जुड़े सभी लोग, आपके साथ हैं!

## हाईकोर्ट ने टीजीटी नियुक्ति से जुड़े सभी 363 लंबित मामले निपटाए



**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट ने टीजीटी (ट्रेंड ग्रैजुएट टीचर) नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित सभी 363 लंबित याचिकाओं का आज एक साथ निस्तारण कर दिया। इन मामलों की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की एकल पीठ में हुई। सुनवाई में अदालत ने यह स्पष्ट किया कि इन याचिकाओं में तथ्यात्मक और कानूनी मुद्दे समान प्रकृति के हैं, इसलिए इन्हें मीना कुमारी बनाम झारखंड कर्मचारी चयन आयोग प्रकरण में पारित निर्णय के आधार में निपटाया जा रहा है। इन याचिकाओं में अधिवक्ता चंचल जैन, अजय कुमार पाठक, तेजस्विता सफलता, शुभम मिश्रा, अमृतांश वत्स, अभिजीत इंद्र गुरु सहित अन्य कई वकीलों द्वारा दायर मामले भी शामिल थे, जिन्हें आज कोर्ट ने समान आधार पर अंतिम रूप से निपटारा कर दिया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मीना कुमारी मामले में यदि आगे अपील में कोई निर्णय पारित होता है, तो उसका सीधा प्रभाव आज निस्तारित सभी मामलों पर स्वतः लागू होगा। टीजीटी अभ्यर्थियों के बीच इस फैसले को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उच्च न्यायालय ने एकरूपता और न्यायिक स्थिरता बनाए रखते हुए सभी संबंधित प्रकरणों पर एक साथ अंतिम निर्णय प्रदान किया है।

## अनियंत्रित होकर पलटा टेंपू, एक की मौत,मची अफरा-तफरी

**देवघर :** जिले में एक भीषण सड़क हादसा हो गया है जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घायलों में 2 पुरुष और 2 महिला शामिलः मामला जिले के बेंगाबाद टोल प्लाजा के समीप का है। बताया जा रहा है कि यहां 8 लोग टेम्पू में सवार होकर बुढ़ाई मेले में मुंडन करवाने जा रहे थे। इस दौरान टेम्पू अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां 58 वर्षीय रामचंद्र पासी की मौत हो गई जबकि अन्य चार घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में 2 पुरुष और 2 महिला शामिल हैं। एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं हादसे के दौरान घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

## पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची पर चुनाव आयोग का खुलासा, ममता बनर्जी ने उठाए सवाल



### पश्चिम बंगाल में एसआईआर : 26 लाख वोटर गायब!

**नई दिल्लीः** निर्वाचन आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मौजूदा मतदाता सूची में लगभग 26 लाख मतदाताओं के नाम 2002 की मतदाता सूची से मेल नहीं खा रहे हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की नवीनतम मतदाता सूची की तुलना पिछली एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 2002 और 2006 के बीच विभिन्न राज्यों में तैयार की गई सूचियों से करने पर यह विसंगति सामने आई।

निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया के तहत बुधवार दोपहर तक पश्चिम बंगाल में छह करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र अपलोड कर दिए गए थे। अधिकारी ने बताया, पोर्टल पर अपलोड होने के बाद, इन प्रपत्रों को मैपिंग प्रक्रिया के तहत लाया जाता है, जहां इनका मिलान पिछले एसआईआर रिकॉर्ड से किया जाता है।

शुरूआती निष्कर्षों से पता चलता है कि पश्चिम बंगाल में लगभग 26 लाख मतदाताओं के नामों का मिलान अब भी पिछले एसआईआर चक्र के आंकड़ों से नहीं किया जा सका है।

इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार, 25 नवंबर को वोटर लिस्ट के चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) की जमकर आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राज्य में असली वोटरों को वोट देने से रोकने के लिए राजनीति से प्रेरित चाल है। नॉर्थ 24 परगना ज़िले के बोंगांव में रक्स़ के खिलाफ एक रैली में बोलते हुए, बनर्जी ने ईसीआई को बीजेपी का कमीशन बताया। उन्होंने सवाल किया कि क्या वोटर लिस्ट बीजेपी के ऑफिस से तैयार की जा रही हैं। उन्होंने बंगाल के लोकतांत्रिक ताने-बाने को बचाने के लिए कड़ा विरोध करने की कसम खाई।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने बोंगांव से ठाकुरनगर तक तीन किलोमीटर का विरोध मार्च निकाला, जिसमें पार्टी के बड़े नेता और जोशीले समर्थक झंडे लहरा रहे थे और रक्स़ एक्सरसाइज के खिलाफ नारे लगा रहे थे। उन्होंने इसे अराजक, दबाव डालने वाला और खतरनाक बताया। बनर्जी ने बंगाल में एसआईआरको चुनिंदा तरीके से लागू करने पर जोर दिया, लेकिन बीजेपी शासित असम में नहीं, जबकि वहां चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने केंद्र सरकार पर 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए वोटरों के नाम हटाने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

### हांगकांग के एक अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

## अब तक 44 की मौत, 300 लापता साजिशन हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार



**नई दिल्लीः** अधिकारियों ने बताया कि हांगकांग के ताइ पो ज़िले में एक ऊंची अपार्टमेंट बिल्डिंग में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है। इस बीच, लगभग 300 लोग अभी भी लापता हैं, जबकि बचाव अभियान सुबह तक जारी रहा, जिसमें फायरफाइटर्स और इमरजेंसी टीमें जलती हुई बिल्डिंग से लोगों को निकाल रही हैं। हांगकांग में दशकों में लगी सबसे भयानक आग में, सैकड़ों लोगों को निकाला गया क्योंकि आग वांग फुक कोर्ट कॉम्प्लेक्स के आठ में से सात टावरों में तेजी से फैल गई थी। जब आग ने ऊँची बिल्डिंगों को अपनी चपेट में लिया तो खिड़कियों से तेज नारंगी रंग की आग और घना धुआं निकल रहा था। अधिकारियों ने कहा कि 44 पीड़ितों में से 40 को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। कम से कम 62 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कई बुरी तरह जल गए और धुएं में सांस लेने से चोटें आईं।

फायर सर्विसेज डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार सुबह तक चार बिल्डिंग में लगी आग पर काबू पा लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि आग एक बिल्डिंग, 32-मंज़िला टावर के बाहरी मचान पर लगी और बाद में बिल्डिंग के अंदर और फिर आस-पास की बिल्डिंगों में फैल गई, शायद तेज हवा की वजह से इसमें मदद मिली।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 700 लोगों को अस्थायी आश्रयों में पहुंचाया गया है। घटनास्थल के वीडियो में दमकलकर्मी आग बुझाने का प्रयास करते नजर आए।

### दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट, कहा-

# अब इसकी लगातार निगरानी की जरूरत



**संवाददाता**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त तेवर अपनाए। खराब वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर दायर याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। साथ ही कहा कि यह मुद्दा लगातार निगरानी की मांग करता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की इस दलील पर ध्यान दिया कि दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति बनी हुई है और यह स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात है। सिंह इस मामले में न्यायालय की सहयोगी (एमिकस क्यूरी) के रूप में नियुक्त हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, न्यायपालिका के पास कौन सी जादुई छड़ी है? हमें पता है कि दिल्ली-एनसीआर के लिए यह स्थिति खतरनाक है। समस्या सबको पता है, मुद्दा यह है कि समाधान क्या हैं। हमें इसकी वजहें पहचाननी होंगी और इसका हल तो विशेषज्ञ ही दे सकते हैं। हम आशा करते हैं कि लंबी अवधि तक प्रभावी समाधान खोजे जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा, हमें बताइए कि हम क्या निर्देश दे सकते हैं? क्या कोई निर्देश देकर हम तुरंत स्वच्छ हवा मिल सकती है? हर क्षेत्र के हालात अलग हैं। देखते हैं कि सरकार ने समितियों के स्तर पर क्या कदम उठाए हैं। यह मामला दीपावली के आसपास औपचारिक तौर पर भी सूचीबद्ध होता है, लेकिन इसकी नियमित निगरानी अब जरूरी है।

बता दें कि 19 नवंबर को अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में नवंबर-दिसंबर में खुले मैदान पर होने वाले खेल आयोजनों को सुरक्षित महीनों तक टालने पर विचार किया जाए। इस दौरान वायु की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पाई गई थी। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने पूरे साल ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करने के सुझाव को अस्वीकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह आपातकालीन ढांचा जरूरत से ज्यादा प्रदूषण होने की स्थिति में कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। अदालत ने इसके बजाय दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधानों पर जोर दिया था।

### वैधता को चुनौती पर चुनाव आयोग की सुप्रीम कोर्ट में दो टूक, कहा-

## एसआईआर को लेकर डर फैला रहे राजनीतिक दल

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि बिहार, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चल रहे मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक दल अनुचित भय और भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। याचिकाओं में एसआईआर की वैधता को चुनौती दी गई है और कुछ पक्षों ने इसे स्थगित करने की मांग की है। केरल सरकार की ओर से दायर याचिका में कहा गया कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों के समानांतर एसआईआर चलाने से प्रशासन पर अत्यधिक बोझ पड़ेगा और इससे चुनावी प्रक्रिया




प्रभावित हो सकती है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग को पहली दिसंबर तक अपना जवाब दायर करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अन्य राज्यों में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई की भी तारीखें तय की हैं। तमिलनाडु एसआईआर पर सुनवाई- चार दिसंबर को, पश्चिम बंगाल एसआईआर पर सुनवाई पर नौ दिसंबर को होगी। केरल सरकार के अलावा, सीपीआई(एम), सीपीआई और आईयूएमएल नेता पीके कुन्हलिकुट्टी ने भी एनआईआर की वैधता को चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। इन पर अदालत ने 21 नवंबर को नोटिस जारी किया था।

### दर्दनाक रेल हादसा

## ट्रेन से कटकर 11 लोगों की मौत, दो घायल



**नई दिल्ली :** चीन के दक्षिणी प्रांत युन्नान में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक रेल हादसा हुआ, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हैं। यह दुर्घटना उस समय हुई जब भूकंपीय संकेतों की जांच के लिए चल रही एक परीक्षण ट्रेन कुनमिंग शहर के लुओयांग टाउन रेलवे स्टेशन पर निर्माण कर्मचारियों के समूह से टकरा गई। चीन सेंट्रल टेलीविजन के अनुसार, गुरुवार सुबह लुओयांग टाउन स्टेशन के घुमावदार ट्रैक वाले हिस्से में निर्माण मजदूर किसी काम के सिलसिले में ट्रैक पर थे। इसी दौरान भूकंप मापने वाले उपकरण की टेस्टिंग कर रही ट्रेन तेज रफ्तार से वहां पहुंची और मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में 11 मजदूरों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हुए। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका उपचार जारी है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि स्टेशन पर सामान्य संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया है। वहीं, हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई है। अधिकारियों ने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## समाचार सार

### डोमचांच चौकी नंबर 11 बना अवैध महुआ शराब का अड्डा



**कोडरमाः** एक ओर राज्य सरकार नशा मुक्ति अभियान को मजबूती देने के लिए लाखों रुपए खर्च कर जनता को जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर कोडरमा जिले के डोमचांच नगर क्षेत्र के चौकी नंबर 11 में खुलेआम अवैध महुआ शराब की बिक्री सरकार के प्रयासों पर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां सुबह से लेकर देर रात तक धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है और युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि अवैध कारोबार की जानकारी होने के बावजूद न तो जनप्रतिनिधि और न ही संबंधित अधिकारी किसी तरह की कार्रवाई करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। इससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि क्षेत्र को नशे की चपेट से बचाया जा सके।

### ओडिशा के प्रेमी जोड़े की झारखंड में मिली पेड़ से लटकी सड़ी-गली लाश

**गुमलाः** जिले के सिसई थाना क्षेत्र में लावागांई झेंगरिया टोंगरी इलाके में 22 वर्षीय अशोक दास और उनकी प्रेमिका के सड़े-गले शव पेड़ पर लटके बरामद हुए हैं। आशंका है कि दोनों की मौत लगभग आठ-दस दिन पहले हुई थी।

दोनों 18 सितंबर से लापता थेः पुलिस शुरूआत में आत्महत्या की आशंका जता रही है। हालांकि मामले की हर पहलू से जांच चल रही है। शवों की पहचान युवती के पास मिले मोबाइल नंबर से हुई। अशोक दास ओडिशा के कुम्हारडुंगी के निवासी थे और चेन्नई में टाइल्स मिस्त्री का काम करते थे, जबकि युवती भी ओडिशा के मयूरभंज जिले की रहने वाली थी। दोनों की गुमशुदगी 18 सितंबर को हुई थी, जब युवती ने अशोक को झोराडीह में मेले में बुलाया था। बाद में दोनों लापता थे। युवती के परिवार ने पहले अशोक के खिलाफ उसके प्रेमिका को भगाने का मामला दर्ज कराया था। दोनों ने लगभग 15 दिन पहले फोन पर कहा था कि वे छत्तीसगढ़ में हैं, उसके बाद संपर्क टूट गया।

**मृत युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का मामला दर्जः** पुलिस यह जांच कर रही है कि प्रेमी जोड़ा ओडिशा से गुमला कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उनकी मौत हुई। मृतक अशोक पर नाबालिग लड़की को भगाने का मामला भी दर्ज है। गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, पर विस्तृत रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने यह भी बताया कि मृत युवक पर नाबालिग लड़की को भगाने का मामला दर्ज है। दोनों मृतकों के परिवार गुमला पहुंचे हैं और पुलिस सभी संभावित कारणों की गहराई से जांच कर रही है।

### समाहरणालय परिसर में संविधान दिवस पर उद्देशिका का सामूहिक वाचन



**चतराः** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्र के सर्वोच्च ग्रंथ भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। तत्पश्चात उपस्थित सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने उद्देशिका को सामूहिक रूप से दोहराया और संविधान में निहित आदर्शों—न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुत्व—के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि संविधान न केवल शासन का आधार है,बल्कि नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों का पथप्रदर्शक भी है। उन्होंने सभी कर्मियों से आग्रह किया कि वे अपने दायित्वों के निर्वहन में संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रखें।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं समाहरणालय के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

### बिरसा कॉलेज के दो दिवसीय युवा महोत्सव *ओज* का रंगारंग समापन



**खूंटीः** बिरसा कॉलेज, खूंटी के दो दिवसीय युवा महोत्सव *ओज* का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिताओं ने उत्साह का संचार किया। जहां वेस्टर्न वोकल ग्रुप और सोलो प्रदर्शनों ने समा बांध दिया। जनजातीय नृत्य, कलात्मक नृत्य और क्लासिकल डांस सोलो की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। युवा महोत्सव में जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। रैंप वॉक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें बिरसा कॉलेज के पूर्व छात्र उमेश द्वारा प्रस्तुत गाने ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया। प्राचार्य प्रो. सीके. भगत ने छात्रों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और हर इवेंट के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षकों का भरपूर योगदान रहा। मंच संचालन का दायित्व अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा एवं सांस्कृतिक समन्वयक प्रो. जया भारती कुजूर ने सफलतापूर्वक निभाया।

### शक के आधार पर सोते हुए युवक की टांगी से हत्या, अभियुक्त गिरफ्तार,6



**खूंटीः**अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम तोडाग में शनिवार रात एक युवक की सोते हुए निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के एक रिश्तेदार को इस घटना के लिए गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 24 और 25 नवंबर की दरम्यानी रात ग्राम तोडाग निवासी लगभग 25 वर्षीय सुरजू मुंडा के घर में उसकी हत्या कर दी गई। हमलावर ने सो रहे सुरजू की गर्दन पर टांगी से हमला किया था। घटना का पता तब चला जब मृतक की पत्नी कोउरी कुमारी मुंडा ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। मृतक की पत्नी के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान ग्राम तोडाग के ही एक व्यक्ति 48 वर्षीय मंगल मुंडा को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त मंगल मुंडा ने अपना जुर्म कबूल किया।

अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि उसे संदेह था कि सुरजू मुंडा का उसकी अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंध है। इसी संदेह और गुस्से में उसने घटनावशनी रात सुरजू के घर में घुसकर सोते हुए उसकी टांगी से हत्या कर दी। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया टांगी बरामद किया है, जो अपराध को साबित करने के लिए एक महत्वपूर्ण सबूत है। इस मामले में गिरफ्तारी और छापामारी में शामिल अधिकारियों में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार तिवारी, अनुसंधानकर्ता मनीष कुमार, सिपाही विजय कच्छप और अड़की थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

राज्य में ठंड और कोहरे की मार

# हिमालय की बर्फीली हवाओं ने झारखंड में बढ़ाई ठंड

## 10 जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे, खूंटी-सिमडेगा में कनकनी



संवाददाता

**रांचीः** झारखंड में आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने वाली है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि राज्य के कई हिस्सों में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

अगले चार दिनों तक घना कोहरा छाने की संभावनाः रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, कोडरमा, चतरा, धनबाद, पलामू, गढ़वा और लातेहार में ठंड का असर सबसे अधिक रहेगा। अगले चार दिनों तक सुबह के समय घना कोहरा या हल्की धुंध छाने के आसार हैं, जिससे द्दश्यता में कमी आएगी। राजधानी रांची और आसपास के क्षेत्रों में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 27 नवंबर को तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे पारा 9 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि उत्तरी छोटानागपुर और मध्य झारखंड के जिलों में न्यूनतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिलेगी। चतरा, गढ़वा, पलामू और लातेहार जैसे जिलों में तापमान 8 से 9 डिग्री तक जा सकता है। वहीं मध्य झारखंड के रांची, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ और गुमला में भी रातें अत्यंत ठंडी रहेंगी। पूर्वी झारखंड के जिलों में मौसम अपेक्षाकृत गर्म रहेगा। गोड्डा में अधिकतम तापमान 28 से 30 डिग्री तक पहुंच सकता है, जबकि धनबाद, देवघर और दुमका जैसे जिलों में न्यूनतम तापमान 12 से 14 डिग्री के आसपास बना रहेगा।

बच्चे और बुजुर्ग रहें सावधान : मौसम विशेषज्ञों ने लोगों को सुबह और शाम के समय सावधानी बरतने की सलाह दी है। बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से ठंड से बचाने की जरूरत पर जोर दिया गया है। साथ ही, नागरिकों को कोहरे के समय वाहन चलाते हुए धीमी गति अपनाने और गर्म कपड़ों का इस्तेमाल बढ़ाने की सलाह दी गई है।

जिला योजना अनावद्ध निधि की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## उपायुक्त ने योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए दिया आवश्यक निर्देश



संवाददाता

**चतराः** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला योजना अनावद्ध निधि मद अंतर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित क्रियान्वयन एजेंसियो के कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल चतरा, भवन प्रमंडल चतरा, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा, एनआईईपी चतरा, जिला अभियंता जिला परिषद, जिला नियोजन पदाधिकारी एवं जिला योजना पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी चालू योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में हर हाल में पूरा कराया जाए। जो योजनाएँ पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें शेष बचे रंगाईझपोताई, प्लास्टर आदि कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए संबंधित पंचायतों/नगर पंचायतों को दिसंबर 2025 अथवा जनवरी 2026 तक हस्तांतरण सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया।उपायुक्त ने कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़े आवश्यक कार्यों का प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने का निर्देश भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को दिया। वहीं चतरा पिक्चर पैलेस (मूवी थिएटर) के निर्माण कार्य को जनवरी 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।इसके अतिरिक्त बक्सा डैम, ईटखोरी का डीपीआर तैयार करने हेतु भी विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत जन-समस्या निवारण एवं सेवा वितरण कार्यक्रम

## ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी सेवाएं और दस्तावेज उपलब्ध कराए गये




संवाददाता

**मुरहूः** सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत मुरहू प्रखंड की मुरहू एवं गोडा टोली पंचायत में बुधवार को एक विशेष जन-समस्या निवारण एवं सेवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके दरवाजे पर ही विभिन्न सरकारी सेवाएं और दस्तावेज उपलब्ध कराना था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़िया, उप प्रमुख अरुण साबू, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचलाधिकारी शंकर विद्यार्थी, जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता सहित दोनों पंचायतों के मुखिया एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा।

इस दौरान कई लाभार्थियों के आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया और पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही विभिन्न प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिन आवेदनों को तत्काल पूरा नहीं किया जा सका, उन्हें आगे की प्रक्रिया के लिए संबंधित विभागों द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

अंचलाधिकारी शंकर विद्यार्थी ने मौके पर ही आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र तथा भूमि संबंधी रसीदें जारी कीं। उप प्रमुख अरुण साबू ने कहा, हालांकि सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकांश लोगों तक पहुँच चुका है, लेकिन कुछ लोग अभी भी कागजात की कमी या आधार में त्रुटि के कारण वंचित हैं। ऐसे सभी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा ने नागरिकों को आश्वासन दिया कि उनके कार्यों का समय पर निष्पादन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिन लाभार्थियों के दस्तावेज अधूरे हैं, उन्हें पूरा करके योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता ने दोनों पंचायतों में परिसंपत्ति का वितरण किया और कहा, हमारा लक्ष्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुँचाना है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करने का आग्रह भी किया।

सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित यह कार्यक्रम मुरहू प्रखंड के ग्रामीणों को त्वरित और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इससे नागरिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान पाने में सहूलियत हुई।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले में सेवा का अधिकार सप्ताह जारी



संवाददाता

**चतराः** झारखंड सरकार की जनसरोकार आधारित पहल आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले भर में 21 से 28 नवंबर 2025 तक सेवा का अधिकार सप्ताह चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों, पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया गया।चतरा प्रखंड के सीमा, गोढ़ाई पंचायत; गिद्धौर प्रखंड के बारियतु पंचायत; हंटरगंज प्रखंड के मीरपुर, नावाडीह, खुंटीकेवाल खूर्द, डुमरी कला पंचायत; प्रतापपुर प्रखंड के जोगीडीह, गजवा, घोरीघाट पंचायत; कुन्दा प्रखंड के नवादा पंचायत; लावलौंग प्रखंड के कोलकोले कला; सिमरिया प्रखंड के बगरा, एदला, पुण्डरा; ईटखोरी प्रखंड के धनखेरी, मलकपुर पंचायत; मयूरहंड प्रखंड के पंदनी, बेलखोरी; कान्हाचट्टी प्रखंड के चिरीदीरी, मदगड़ा पंचायत; पत्थलगड़ा प्रखंड के मेराल पंचायत तथा टंडवा प्रखंड के बेंती, बड़गांव, कल्याणपुर में शिविर आयोजित किए गए।वहीं नगर परिषद क्षेत्र में भी वार्ड संख्या 14 एवं 15 में हमीद भवन तथा वार्ड संख्या 17 एवं 18 में साहू धर्मशाला, चतरा में शिविर लगाए गए। 27 नवंबर 2025 को इन स्थानों पर लगेंगे शिविरःसूचना के अनुसार, कल चतरा प्रखंड के जांगी, गंधरिया पंचायत; गिद्धौर प्रखंड के द्वारी पंचायत; हंटरगंज प्रखंड के गेरुआ, औरू, बलुरी, डाहा पंचायत; प्रतापपुर प्रखंड के एघारा, सिजुआ, योगियारा पंचायत; लावलौंग प्रखंड के कटिया; सिमरिया प्रखंड के जांगी, डाड़ी एवं पगार; ईटखोरी प्रखंड के परसौनी, नवादा पंचायत; मयूरहंड प्रखंड के मयूरहंड, हुसिया; कान्हाचट्टी प्रखंड के कैण्डीनगर, बकचुम्बा पंचायत; तथा टंडवा प्रखंड के मिश्रौल, गाड़ीलौंग और टंडवा में शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड संख्या 19 एवं 20 में जमजम होटल, चतरा में शिविर लगाया जाएगा।

खूंटी- सिमडेगा मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

## ट्रक चालक की जिंदा जलकर मौत, खलासी ने बचाई जान



संवाददाता

**खूंटीः** खूंटी- सिमडेगा मुख्य मार्ग पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक ट्रक के चालक की जलकर मौत हो गई। यह हादसा बुधवार को तोरपा थाना क्षेत्र के चूरगी गांव के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, लौह अयस्क से लदा एक ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक को बचाने के प्रयास में अचानक अनियंत्रित होकर सामने के पेड़ में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के तुरंत बाद ट्रक में आग लग गई, जिससे वह पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। आग की चपेट में आने से ट्रक का चालक कैब से बाहर निकलने में नाकाम रहा और ट्रक के अंदर ही जिंदा जल गया। चालक की पहचान राजस्थान निवासी हमस खान के रूप में हुई है। जिसके साथ एक खलासी भी था जिसे मामूली चोट आई है, वो भी राजस्थान का ही रहने वाला है, जिसका नाम इमरान खान बताया जा रहा है। घटना के बाद किसी तरह वो ट्रक से बाहर निकलने में कामयाब रहा जिस कारण उसकी जान बच पाई।

दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि ट्रक के ब्रेक फेल होने या तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हो सकता है, हालांकि आधिकारिक तौर पर कारणों की पुष्टि अभी बाकी है। पर खलासी के द्वारा बताया गया कि सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में दुर्घटना हुई है जिसमें ड्राइवर की जल के मौत हो गई।

## ट्रेलर से टकराई बाइक,पुलिस कर्मी की मौत, थाने में मामला दर्ज



**खूंटीः** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में एक पुलिस कर्मी की मौत हो गई। घटना रनिया थाना क्षेत्र के आंबापखना गांव में हुई। मृतक सुनील तोपनो झारखंड पुलिस में आरक्षी थे और गुमला जिले के कामडारा थाना अंतर्गत रामतोलया गांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि सुनील तोपनो रांची सिविल कोर्ट में गवाही देकर मंगलवार शाम लगभग 6 बजे अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान आंबापखना के पास एक ट्रेलर से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया और फिर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतक के परिजनों के आवेदन पर रनिया थाना में इस घटना का संज्ञान लेते हुए एक मामला दर्ज किया गया है। हादसे के कारणों और दोषी चालक की तलाश के संबंध में जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री कल 9000 युवाओं को देगें सरकारी नौकरी का तोहफा



**संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष 28 नवंबर को पूरा हो रहा है। राज्य सरकार इस एक वर्ष के कार्यकाल को नियुक्ति वर्ष के रूप में मनाने जा रही है। साथ ही 11 नवंबर से शुरू हुए झारखंड के रजत जयंती समारोह का समापन भी 28 को हो जायेगा। इस मौके पर सीएम हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में लगभग नौ हजार लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। हेमंत सोरेन ने वर्ष 2024 में भारी जीत के बाद 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मोरहाबादी मैदान में समारोह की हो रही तैयारियांः राजधानी के मोरहाबादी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारी चल रही है। अभ्यर्थियों की नियुक्ति राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों में की जायेगी, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के बीच भेज दी गयी है। वहीं, मोरहाबादी मैदान में बड़ा मंच बनाया गया है। साथ ही 10 हजार लोगों के बैठने के लिए कुर्सियां भी लगायी जा रही हैं। मोरहाबादी मैदान के चारों तरफ होर्डिंग्स लगाये गये हैं। अब तक नियुक्ति पत्र के लिए 8514 अभ्यर्थियों की सूची तैयार हो गयी है।

# मैट्रिक- इंटर परीक्षा 2026 की डेटशीट जारी ,3 फरवरी से शुरू होंगे एग्जाम




**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने वर्ष 2026 की मैट्रिक और इंटर परीक्षाओं का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। परिषद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार दोनों परीक्षाएं 3 फरवरी 2026 से एक साथ शुरू होंगी। मैट्रिक की परीक्षा 17 फरवरी को समाप्त होगी, जबकि इंटर की परीक्षाएं 23 फरवरी तक चलेंगी।

अलग-अलग पाली होगी मैट्रिक-इंटर की परीक्षाः मैट्रिक की परीक्षा पहली पाली (9:45 सुबह से1:00 दोपहर) में और इंटर की परीक्षा दूसरी पाली (2:00 दोपहर से 5:15 शाम) में ली जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए अतिरिक्त 15 मिनट दिए जाएंगे। जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा ने कहा कि हमने परीक्षा कार्यक्रम ऐसे तैयार किया है कि सभी विद्यार्थियों को पर्याप्त समय और अनुकूल माहौल मिल सके। स्कूलों और कॉलेजों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। हमारा प्रयास है कि इस वर्ष परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध हो।

16-17 जनवरी से डाउनलोड होंगे एडमिट कार्डः मैट्रिक और इंटर छात्रों के प्रवेश पत्र क्रमशः 16 और 17 जनवरी से डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके लिए जैक की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। स्कूल- कॉलेज इन प्रवेश पत्रों को डाउनलोड कर विद्यार्थियों को वितरित करेंगे। परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर 2025 तय की गई है।

24 फरवरी से प्रायोगिक परीक्षाः मैट्रिक और इंटर दोनों स्तरों पर प्रायोगिक परीक्षाएं 24 फरवरी से 7 मार्च तक होंगी। मैट्रिक प्रायोगिक सामग्री 18-21 फरवरी के बीच उपलब्ध कराई जाएगी। इंटर प्रायोगिक सामग्री 20-23 फरवरी के बीच उपलब्ध कराई जाएगी।

डीइओ कार्यालयों द्वारा संस्थानों को उपलब्ध कराई जाएगी। प्रायोगिक व आंतरिक मूल्यांकन के अंक 25 फरवरी से 9 मार्च के बीच ऑनलाइन अपलोड होंगे। सभी स्कूल-कॉलेजों को अंकसूची की एक प्रति डीइओ कार्यालय में जमा करना होगा।

अप्रैल में आ सकता है रिजल्टः जैक अधिकारियों के अनुसार उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन की प्रक्रिया समय पर पूरी हुई तो मैट्रिक और इंटर, दोनों के परिणाम अप्रैल के अंतिम सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं।

### माध्यमिक - इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने दिये निर्देश

## परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी की व्यवस्था रहे ठीक, परीक्षार्थियों की सुविधाएं हों सर्वोपरि



**लोहरदगाः** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में आज माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट, परीक्षा-2026 के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण संबंधी बैठक आयोजित हुई। बैठक में माध्यमिक परीक्षा में शामिल होनेवाले 8119 परीक्षार्थियों और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 5142 परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण पर विचार-विमर्श संबंधित सदस्यों के साथ हुई। बैठक में पेशरार प्रखण्ड के माध्यमिक वार्षिक परीक्षा में शामिल होनेवाले छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु परीक्षा केंद्र निकट प्रखण्ड किस्को में निर्धारित करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसी प्रकार कुडू के चिरी में टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर को परीक्षा केंद्र के रूप में चयन करने का भी निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त एकलव्य आवासीय विद्यालयों में भी संभावित परीक्षा केंद्र की तैयारी हेतु समीक्षा व आवश्यक भौतिक जांच कर लिये जाने का भी निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि निर्धारित मानकों का अनुपालन सभी परीक्षा केंद्रों में किया जाए। किसी भी परीक्षा केंद्र की चहारदीवारी क्षतिग्रस्त ना रहे, यह पूर्व में ही जांच लें। सभी परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी की व्यवस्था, टॉयलेट की व्यवस्था व पीने के पानी की व्यवस्था परीक्षा के दौरान अवश्य रहे। परीक्षा केंद्र तक आने-जाने में परीक्षार्थियों के सुविधा का ध्यान रखा जाय। आज की बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, माननीय सांसद के प्रतिनिधि साजिद अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, संबंधित सदस्यगण उपस्थित थे।



## भारतीय संविधान हमारे देश की आत्मा : कुलपति

**रांचीः** रांची विवि के कुलपति प्रो डीके सिंह ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की आत्मा और सर्वोच्च विधान है। यह भारत को एक संप्रभु, धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। कुलपति बुधवार को रांची विवि एनएसएस के तत्वावधान में भारतीय संविधान के 76वें वर्ष पूर्ण होने पर बेसिक साइंस भवन परिसर में पीजी भूगर्भशास्त्र विभाग में आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। कुलपति ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता तथा समानता की गारंटी देता है। डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने संविधान की प्रस्तावना शपथ पढ़ा। कुलसचिव डॉ गुरु चरण साहू, विभागाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, डॉ सीपी महतो ने भी अपने विचार रखे। संचालन विवि कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन विवि गणित विभागाध्यक्ष डॉ अबरार अहमद ने किया।

संगोष्ठी के बाद बेसिक साइंस भवन परिसर से संविधान जागरूकता रैली को कुलपति ने रवाना किया। जागरूकता रैली डीएसपीएमयू, केंद्रीय पुस्तकालय, राजकीय अतिथि शाला, नीलांबर पीतांबर पार्क, मान्या पैलेस, आइएलएस होती हुई पुन : बेसिक साइंस भवन परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ भारती द्विवेदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ चंचल लकड़ा, डॉ संतोषी कुमारी, डॉ सीमा केसरी, डॉ नाजिया हसन व अन्य उपस्थित थे।

## साईंनगर में मनाया गया संविधान दिवस

**खलारीः** डॉ आंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में बुकबुका पंचायत के साईंनगर में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज भुईयां ने की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सदस्यों एवं नागरिकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा संविधान की रक्षा एवं सम्मान का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित श्यामजी महतो ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने विश्व को मानवता, समानता, बंधुत्व और न्याय का मार्ग दिखाने वाला एक महान ग्रंथ, भारतीय संविधान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि संविधान सभी धर्मों और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करता है। इसलिए हर व्यक्ति को इसे पढ़ना और समझना चाहिए। जितेंद्र सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोग आज मुखिया, विधायक, सांसद और मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंच रहे हैं, तो यह संविधान में मिले अधिकारों का ही परिणाम है। उन्होंने बच्चों और युवाओं को डॉ आंबेडकर के विचारों एवं संविधान के महत्व के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं रवींद्र पासवान ने कहा कि भारतीय संविधान हमें हक-अधिकार एवं दायित्व का बोध दिलाते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित करती है। कार्यक्रम में कुलदीप लोहारा, सरफराज अंसारी, कुंदन चौहान, विक्की सिंह, रोशन लाल, पवन उरांव, सुरेंद्र चौहान, शारदा देवी, राहुल तुरी, हैदर अली, सूरज लोहारा, रविंद्र पासवान, दीपक लोहारा, रविंद्र नाथ चौधरीं समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका : वनडे मैच के सारे टिकट बिके, आज नहीं खुलेंगे काउंटर



**मेट्रो रेज**

**रांची :** रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले पहले वनडे मैच को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महज दो दिनों में ही सारे टिकट बिक चुके हैं। इसी वजह से आज टिकट काउंटर नहीं खुलेंगे। इस बात की जानकारी झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने दी। जेएससीए के अनुसार, पहले दिन 9,500 से अधिक और दूसरे दिन 9,600 टिकटों की बिक्री हुई, जबकि ऑनलाइन करीब 6,500 टिकट बिके हैं। एसोसिएशन ने बताया कि झारखंड के क्रिकेट प्रेमियों की भारी मांग के चलते टिकट रिकॉर्ड समय में खत्म हो गए। उन्होंने दर्शकों के उत्साह और समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।

बता दें कि पहले वनडे मुकाबले के लिए दोनों टीमें आज शाम चार्टर्ड प्लेन से रांची पहुंचेंगी। जबकि विराट कोहली, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और रोहित शर्मा पहले ही रांची पहुंच चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक भी यहां आ चुके हैं। सभी खिलाड़ी आज दोपहर 12 बजे से खरउअ स्टेडियम में अभ्यास करेंगे। जबकि अन्य खिलाड़ी 28 और 29 नवंबर को नेट सेशन में हिस्सा लेंगे।

## राष्ट्रीय गौरव, एकता और सम्मान के साथ मनाया गया संविधान दिवस



**रांचीः** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय में 76वां संविधान दिवस राष्ट्रीय सम्मान, गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत के संविधान निमार्ता डॉ। भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं कर्मिगण उपस्थित रहे।

पुष्पांजलि के पश्चात कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत प्रस्तुत किया गया तथा सीएमडी, निदेशकगण और सीवीओ को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ जीएम (लीगल) विपी जोबी के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला।

सीएमडी, सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया और कहा कि भारत का संविधान जनता के अधिकारों का सुदृढ़ ढाँचा है। उन्होंने हम की भावना, परस्पर सम्मान एवं राष्ट्र निर्माण में सामूहिक योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत प्रबलता से आगे बढ़ रहा है और सीसीएल अपने दायित्वों को ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निभाता रहेगा।

वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम् का भावपूर्ण गायन किया गया। इसके साथ ही संविधान आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमापूर्ण तरीके से किया गया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप. मुख्य बिजली इन्जीनियर (निर्माण) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के अधीन निम्नलिखित कार्यो के लिये दी गई तिथि को **15.00 बजे तक** ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः Tender No. EL/C/JP/ABR-TRAH/NL/T/06/25.** आबूरोड–तरंगा हिल सेक्शन के बीच नई बीजी लाइन कार्य के संबंध में 0–116 किमी के बीच आवासीय क्वार्टरों, स्टेशन भवनों और अन्य सेवा भवनों आदि में विद्युत कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 7,32,63,033/-. बयाना राशि जो जमा करनी है : ₹ 5,16,300/-. कार्य पूर्ण होने की तिथिः** 24 Months. **निविदा प्रपत्र जमा कराने व खुलने की तारीख व समयः** 19.12.2025 Upto 15:00 Hrs., 19.12.2025 at 15:30 Hrs. **उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वैबसाइट का पताः www.ireps.gov.in**

1517-PM/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## जेएलकेएम कार्यकर्त्ताओं ने सिल्ली के नए थाना प्रभारी का किया स्वागत



**सिल्ली :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्यों ने नए थानेदार सिल्ली नवीन कुमार को संविधान की उद्देशिका देकर सम्मानित किया।प्रभारी ने कहा कानून के शासन और निष्पक्षता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पहली प्राथमिकता है। भरोसा जताया कि क्षेत्र में अमन चैन कायम रहेगी। मौके जेएलकेएम बरिष्ठ नेता सह बंगाल प्रभारी राजू महतो, रांची जिला महामंत्री नीतीश महतो, सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष हरेकृष्णा महतो, सचिव कृष्णा महतो, बबलू महतो, सिल्ली प्रखंड आदिवासी मोर्चा अध्यक्ष गुहीराम स्वासी एवं ठाकुर दास मुंडा इत्यादि शामिल थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा**

**आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि चंदवारा थाना अन्तर्गत एक लापता पुरुष, जिसका हुलिया इस प्रकार है। उम्र–26 वर्ष, रंग–साँवला, आँख–काला, चेहरा–सामान्य, यदि किसी को उक्त लापता, दर्शिल वर्णवाल, उम्र–26 वर्ष, पिता–मनोहर प्र0 मोदी, के बारे में जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पता/मोबाईल नंबर पर दें।

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा :– 9431706350, 06534–252868,
पुलिस उपा0 (मु0) कोडरमा :– 7004507974,
थाना प्रभारी चंदवारा :– 7903896228,

पुलिस अधीक्षक, कोडरमा

PR 367121 Police (25-26)_D

## पारा लुढ़कने से ओपीडी में बढ़े मरीज, डॉक्टरों ने दी सावधान रहने की सलाह

**संवाददाता**

**रांची :** मौसम में अचानक बदलाव आया है। दिन में तेज धूप और दोपहर के बाद तापमान में अचानक गिरावट से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

खासकर बच्चों और बुजुर्गों पर इसका असर साफ नजर आ रहा है। बच्चों में वायरल इंफेक्शन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पेडियाट्रिक डॉक्टरों का कहना है कि पिछले सप्ताह में दिन और रात के तापमान में उतार-चढ़ाव, प्रदूषण और खराब हवा की गुणवत्ता ने बच्चों को ज्यादा संवेदनशील बना दिया है। इसके चलते उन्हें कफ, सर्दी, बुखार, उल्टी, गले का संक्रमण और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो रही हैं।

रांची के विभिन्न अस्पतालों और क्लीनिकों में बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। रिम्स में पेडियाट्रिक ओपीडी में रोजाना 40 से 50 बच्चे सर्दी, खांसी और वायरल फीवर जैसी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं।

डॉक्टरों का कहना है कि मौसम बदलने के दौरान बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। माता-पिता को चाहिए कि बच्चे पर्याप्त पानी पिएं, पौष्टिक भोजन लें और पर्याप्त आराम करें। अधिकतर इंफेक्शन अपने आप ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर लक्षण तीन से पांच दिन से ज्यादा बने रहें तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है।



वयस्क लोग भी इससे अछूते नहीं हैं। ठंड और तापमान में अचानक गिरावट के कारण लोगों में गले का संक्रमण, खांसी और बुखार सामान्य हो गए हैं। रिम्स के मेडिसिन विभाग के डॉक्टर बी कुमार ने बताया कि लोग खुद से या मेडिकल स्टोर से एंटीबायोटिक लेने से बचें क्योंकि इससे शरीर पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं।

खासकर डायबिटीज और क्रोनिक बीमारियों वाले लोग ज्यादा सतर्क रहें। सदर अस्पताल के डॉ हिमालय झा ने बताया कि ठंड के मौसम में इन्हें निमोनिया का खतरा अधिक रहता है। ऐसे मरीज इंफ्लुएंजा वैक्सीन ले सकते हैं और ज्यादा समय घर के अंदर सुरक्षित रहना चाहिए।

इसके साथ ही मौसम बदलने के कारण कोल्ड डायरिया भी फैल रहा है। इसके बचाव के लिए हैंड हाइजीन, साफ-सुथरा खाना और बासी भोजन से बचने की सलाह दी गई है। ठंड के दौरान बीपी बढ़ने से हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है, इसलिए नियमित चेकअप कराते रहें। डॉक्टरों ने लोगों से कहा कि गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलें, ठंडी हवा और अचानक तापमान परिवर्तन से बचें, हाथों की सफाई पर ध्यान दें और अगर वायरल या इंफ्लुएंजा के लक्षण दिखें तो आइसोलेट हों। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओर से शीतलहर के दौरान लोगों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और पुरानी बीमारियों से ग्रसित लोगों को ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। फ्रॉस्टबाइट और हाइपोथर्मिया के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सा सहायता लें। घर में पर्याप्त गर्माहट बनाए रखें, जरूरी दवाइयां, भोजन और पानी तैयार रखें। साथ ही जानवरों को भी ठंड से बचाएं और मौसम संबंधी जानकारी दूसरों तक पहुंचाएं। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे गर्म तरल पदार्थ लें, पौष्टिक भोजन करें और अनावश्यक रूप से बाहर जाने से बचें ताकि शीतलहर और मौसम के अचानक बदलाव से स्वयं और परिवार सुरक्षित रहें।

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर वैश्विक चुनौतियाँ और संयुक्त परिवार की अनिवार्यता

भारत वर्तमान समय में विश्व की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त कर रहा है। इस प्रगति के साथ-साथ कुछ वैश्विक शक्तियाँ ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की यह उन्नति स्वीकार्य नहीं है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज, संस्कृति और पारिवारिक संरचना को कमजोर करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के भ्रामक विमर्श निर्मित किए जा रहे हैं। इन विमर्शों के पीछे कई ऐसी शक्तियाँ सक्रिय प्रतीत होती हैं जो भौतिकवाद, उपभोक्तावाद तथा सांस्कृतिक विच्छेदन की प्रवृत्तियों को बढ़ावा देकर भारत के पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करना चाहती हैं। लेखन में उल्लिखित दृष्टिकोण के अनुसार कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद और वैश्विक बाजार शक्तियाँ, भले ही अन्य देशों में एक-दूसरे के विरोध में हों, भारत के संदर्भ में एक साझा स्वर अपनाए हुए दिखाई देती हैं, जिनका उद्देश्य भारत की सामाजिक स्थिरता और सांस्कृतिक मजबूती को कमजोर करना है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के विरोध में अनेक झूठे विमर्शों का निर्माण और प्रसार तीव्र हुआ है। विज्ञापन, मीडिया, मनोरंजन उद्योग तथा डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इन विचारों को इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि वे सामान्य जनमानस को प्रभावित कर सकें। वैश्विक स्तर पर यह धारणा लंबे समय से रही है कि भारत आध्यात्मिकता, संतुलित जीवन-दर्शन तथा आत्मानुशासन का देश है, परन्तु नए विमर्श इन धारणाओं को खंडित करने तथा भारतीय जीवन-शैली को हीन या पिछड़ा सिद्ध करने का प्रयास करते हैं। भारत की तीव्र आर्थिक प्रगति और वैश्विक प्रभावशीलता कुछ राष्ट्रों और बाजार शक्तियों के लिए चुनौती बनकर उभरी है, जिसके कारण भारतीय समाज में भ्रम, असंतोष और विभाजन उत्पन्न करने का संगठित प्रयास दिखाई देता है। भारतीय दर्शन पुनर्जन्म, कर्म, संयम और समष्टि कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसके कारण भारतीय जीवन-शैली में अतिभोग को स्थान नहीं दिया गया। इसके विपरीत पश्चिमी विचारधारा उपभोक्तावाद को प्राथमिकता देती है और व्यक्ति को वर्तमान जीवन में अधिकतम उपभोग करने के लिए प्रेरित करती है, क्योंकि इस्लाम और ईसाईयत में पुनर्जन्म की अवधारणा को स्वीकार नहीं किया गया है। इस मानसिकता के चलते वैश्विक बाजार शक्तियाँ भारत में भी उपभोक्तावादी जीवन-दृष्टि को स्थापित करना चाहती हैं। विशेष रूप से त्यौहारों, जैसे दीपावली, होली, रक्षाबंधन के समय यह प्रवृत्ति अधिक स्पष्ट दिखाई देती है। भारतीय व्यंजनों और परम्परागत खाद्य पदार्थों को अस्वास्थ्यकर बताना, चॉकलेट एवं पैकेज्ड मिठाइयों को ह्यअधिक सुरक्षितह्न सिद्ध करना, या फिर भारतीय पर्वों को पर्यावरण-विरोधी बताना, ये सभी इसी व्यापक विमर्श-निर्माण का भाग हैं जिनका लक्ष्य भारतीय सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर करना है।इसी प्रकार से भारतीय पारिवारिक संरचना, विशेषकर संयुक्त परिवार प्रणाली, पर भी संगठित आक्रमण देखा जा सकता है। भारत में कुटुंब को केवल सामाजिक इकाई न मानकर एक दार्शनिक संस्था माना गया है, जिसके माध्यम से व्यक्ति संस्कार, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामूहिक चेतना का अभ्यस्त बनता है। संयुक्त परिवार भारत की सामाजिक स्थिरता का एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ है, जबकि पश्चिमी समाज में यह संस्था लगभग समाप्त हो चुकी है। विकसित देशों में युवक-युवतियाँ वयस्क होते ही अलग रहने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार के लिए अलग-अलग आवास, वाहन, विद्युत उपकरण और उपभोग की वस्तुओं की आवश्यकता पड़ती है। इस व्यवस्था से निरन्तर बढ़ती माँग के कारण बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। इसी तर्क के आधार पर ये कंपनियाँ भारत में भी परिवार-विच्छेद को प्रोत्साहित करने वाली सामग्री का निर्माण और प्रसार करती हैं। टीवी सीरियलों, वेब-श्रृंखलाओं और डिजिटल कंटेंट के माध्यम से संयुक्त परिवारों को कलह का केंद्र, परस्पर ईर्ष्या और संघर्ष का स्थान दिखाया जाता है। सास-बहू विवाद, भाई-बहन प्रतिस्पर्धा तथा पारिवारिक विघटन के प्रसंगों को मनोरंजन के नाम पर इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि भारतीय दर्शक संयुक्त परिवार को अव्यवस्थित और अनुपयोगी समझने लगें। इस प्रक्रिया का सीधा संबंध उपभोक्तावादी शक्तियों से जुड़ा है, जो भारत में भी पश्चिमी पैटर्न की पारिवारिक संरचना स्थापित करना चाहती हैं ताकि बाजार विस्तार में वृद्धि हो सके। वास्तविकता यह है कि पश्चिमी देशों का जीवन-दर्शन भौतिकवाद पर आधारित है, जहाँ आर्थिक उन्नति ही जीवन का मुख्य लक्ष्य बन जाती है। चेतना, सामाजिक दायित्व और आध्यात्मिकता को वहाँ गौण स्थान दिया जाता है। इसके विपरीत भारतीय समाज अभी भी समष्टि कल्याण, कर्तव्य-बोध और पारिवारिक एकता जैसे मूल्यों को अपने जीवन का आधार मानता है। इसीलिए भारतीय संस्कृति आज भी वैश्विक मंच पर विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। इन परिस्थितियों में भारतवासियों के सामने चुनौती यह है कि वे वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे कृत्रिम और भ्रामक विमर्शों के प्रभाव से बचें तथा अपने सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित रखें। इस दिशा में सबसे प्रभावी कदम है, स्वदेशी उत्पादों का उपयोग और विदेशी उत्पादों पर अनावश्यक निर्भरता का परित्याग। भारतीय उद्योग आज लगभग प्रत्येक क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराता है, चाहे वह साबुन, तेल, टूथपेस्ट, सौंदर्य प्रसाधन हों या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, खाद्य सामग्री, वाहन और मोबाइल फोन। यदि भारतीय उपभोक्ता सचेत होकर स्वदेशी वस्तुओं का चयन करता है तो इससे न केवल राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि वैश्विक शक्तियों को यह स्पष्ट संदेश भी मिलेगा कि भारत आत्मनिर्भर है और अपनी सांस्कृतिक अस्मिता से समझौता नहीं करेगा। इन सबके बीच सबसे महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि भारतीय परम्पराएँ मात्र अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन-दर्शन हैं। ये परम्पराएँ हमें हमारी जड़ों, हमारी चेतना और हमारी सामाजिक पहचान से जोड़ती हैं। संयुक्त परिवार भारतीय सभ्यता का आधार-स्तंभ है, जिसने सदियों तक समाज को स्थिरता, सहयोग, सुरक्षा और संस्कार प्रदान किए हैं। यदि भारतीय समाज इन मूल्यों को सुदृढ़ रखता है, तो न केवल उसका सांस्कृतिक ढांचा सुरक्षित रहेगा बल्कि भारत विश्व में अपने विशिष्ट स्वरूप के साथ और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। भारतीय संस्कृति के संरक्षण, संयुक्त परिवार व्यवस्था की रक्षा और स्वदेशी अवधारणा के अनुपालन ये तीनों भारत को आत्मनिर्भर, सांस्कृतिक रूप से दृढ़ और आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इसलिए आवश्यक है कि भारतीय समाज सांस्कृतिक आत्मविश्वास के साथ अपनी परम्पराओं और पारिवारिक व्यवस्थाओं का पालन करे तथा उन वैश्विक विमर्शों से सतर्क रहे जो हमारी सभ्यता की मूल शक्ति को कमजोर करने के उद्देश्य से बनाए जा रहे हैं।

# अरुणाचल प्रकरण से उठी राष्ट्रीय एकता की आवाज

**भारतीयता के संदर्भ में यह एक नागरिक को प्रताड़ित करने की घटना से अधिक भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का स्पष्ट प्रयास था। घटना सामने आते ही भारत ने चीन को कड़ा संदेश दिया और यह दशार्या कि देश अपनी सीमाई अखंडता के मुद्दे पर किसी प्रकार का दबाव या अपमान सहन नहीं करेगा। इसलिए पेमा ने कहा भी कि भारत सरकार का हर कदम सभी भारतीयों के हित में होता है।**

मयंक

बीते वर्षों में भारत ने जिस प्रकार अपनी कूटनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, सीमाई संप्रभुता और नागरिक हित को मूल केंद्र में रखकर निर्णायक फैसले लिए हैं, उसने विश्व को यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि आज का भारत किसी भी दबाव या चुनौती के सामने झुकने वाला नहीं है। वह पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा रहने वाला, साहस और आत्मसम्मान से भरा राष्ट्र है। सीमा पर घुसपैठ का मुंहतोड़ जवाब देना हो, अंतरराष्ट्रीय फोरम पर भारत की संप्रभुता की रक्षा करना हो, आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे साहसिक कदम उठाने हों या फिर दुनिया के किसी भी संकटग्रस्त क्षेत्र में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए बड़े सैन्य अभियान चलाने हों। भारत ने हर मोर्चे पर यह सिद्ध किया है कि उसके प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा सर्वोपरि है। अब इन सभी का नवीनतम उदाहरण अरुणाचल प्रदेश की युवती पेमा वांग थोंगडोक का मामला है, जिसमें चीन द्वारा किए गए अनावश्यक उत्पीड़न पर भारत की कड़ी और तत्पर प्रतिक्रिया ने एक बार फिर साबित किया कि भारतीय नागरिक कहीं भी हों, देश की सरकार उनके साथ खड़ी रहती है। यह कहना असंगत नहीं होगा कि भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा का पूरा ढांचा पिछले 11 वर्षों में जिस तेजी से बदला है, वह केवल कूटनीतिक व्यवहार का परिवर्तन नहीं है; वह एक व्यापक, गहन और नागरिक केंद्रित बदलाव है, जिसने आम भारतीय को यह भरोसा दिया है कि उनकी सुरक्षा और सम्मान किसी भी परिस्थिति में समझौते का विषय नहीं हैं। केंद्र सरकार ने अनेक अवसरों पर यह दिखाया है कि भारत अपने नागरिकों के हितों पर किसी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं करता। पेमा वांग थोंगडोक का शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार का मामला इसी नीति का एक और सशक्त उदाहरण है, जिसने दुनिया को संकेत दिया कि भारत अब पुराने ढर्रे का शांत दर्शक नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, सजग और संवेदनशील राष्ट्र है। उल?लेखि?त है, पेमा को चीन के अधिकारियों ने करीब 18 घंटे रोके रखा। उनका भारतीय पासपोर्ट अमान्य घोषित करने का प्रयास किया गया और यह तक कहा गया कि उनका जन्मस्थान अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है।

भारतीयता के संदर्भ में यह एक नागरिक को प्रताड़ित करने की घटना से अधिक भारत की संप्रभुता को चुनौती देने का स्पष्ट प्रयास था। घटना सामने आते ही भारत ने चीन को कड़ा संदेश दिया और यह दशार्या कि देश अपनी सीमाई अखंडता के मुद्दे पर किसी प्रकार का दबाव या अपमान सहन नहीं करेगा। इसलिए पेमा ने कहा भी कि ह्नभारत सरकार का हर कदम सभी भारतीयों के हित में होता है।ह्व वस?तुतः यह वाक्य आज के भारत की कूटनीतिक सोच और राष्ट्रीय आत्मविश्वास का सार है। यथार्थ यह है कि पेमा का मामला कोई अपवाद नहीं है, पिछले 11 वर्षों की उस निरंतरता का हिस्सा है जिसमें मोदी सरकार ने हर संकट में अपने नागरिकों को प्राथमिकता दी है। इसी वर्ष ईरानझ्रइजरायल संघर्ष तेज होने पर 18 जून को भारत ने ऑपरेशन सिंधू चलाया। युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीयों खासकर छात्रों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया तत्काल आरंभ हुई। शुरूआती चरण में लगभग 110 लोगों को सुरक्षित लौटाया गया और बाद में यह अभियान व्यापक रूप से जारी रहा। दक्षिणझ्रपूर्व एशिया, विशेष रूप से कंबोडिया में फर्जी नौकरी एजेंटों के जाल में फंसे भारतीयों की समस्या को भी भारत ने गंभीरता से लिया। 05 दिसंबर 2024 को दूतावास सक्रिय हुआ और स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से लगातार बचाव तथा प्रत्यावर्तन कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही बहुभाषी हेल्पलाइन, ईझ्रमाइग्रेट पोर्टल और सोशल मीडिया के माध्यम से एक उत्तरदायी शिकायत तंत्र तैयार किया गया है, जो दुनिया भर में किसी भी संकट में भारतीय नागरिकों के लिए तुरंत सहायता सुनिश्चित कर रहा है। साल 2023 में सूडान में युद्ध के हालात बने तो भारत ने ऑपरेशन कावेरी चलाया। 24 अप्रैल से 05 मई तक भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना के संयुक्त अभियान में लगभग 3,862 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। अंधेरे में बिना किसी प्रकाश व्यवस्था वाले हवाई पट्टी पर वायुसेना के विमानों का उतरना और नौसेना के जहाजों का युद्ध क्षेत्र से लोगों को समुद्री मार्ग से निकालना, ये सभी निर्णय इस बात के प्रमाण हैं कि भारत बड़े युद्धकालीन संकटों में ही नहीं बल्कि रोजमर्रा की चुनौतियों में भी अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच तैयार रखता है। साल 2022 के ऑपरेशन गंगा को कौन भूल सकता है? रूसझ्रयूक्रेन युद्ध के बीच हजारों भारतीय विद्यार्थियों को सुरक्षित निकालना, युद्धक्षेत्र में विमान भेजना, यह भारत की नागरिक हित प्रतिबद्धता का अभूतपूर्व उदाहरण था। साल 2021 में तालिबान कब्जे के दौरान ऑपरेशन देवशक्ति चलाकर भारत ने अपने नागरिकों के साथ अन?य मित्र देशों के लोगों को भी सुरक्षित निकाला। कोविडझ्र19 महामारी के दौरान चला वंदे भारत मिशन तो इतिहास का सबसे बड़ा नागरिकझ्रउद्धार अभियान सिद्ध हुआ है, जिसमें लाखों भारतीयों को दुनिया भर से सुरक्षित वापस लाया गया। इसी प्रकार साल 2020 और उसके बाद समुद्री डकैती और जहाजझ्रहाइजैकिंग की घटनाओं में भारतीय नौसेना ने दुनिया के किसी भी हिस्से से भारतीय नाविकों और जहाजों को संरक्षित कर यह दिखा दिया कि वह वैश्विक समुद्री सुरक्षा में भी सबसे विश्वसनीय शक्ति है। इससे पूर्व साल 2015 में यमन से चलाया गया ऑपरेशन राहत भी हजारों लोगों की जान बचाने में सफल रहा। इसी क्रम में साल 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और साल 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक भारतीय सुरक्षा नीति की नई दिशा को दशार्ती हैं। अभी पाकिस?तान के विरोध में भारत ने ₹ऑपरेशन सिंदूर₹ चलाया। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें कई भारतीय नागरिकों की मृत्यु हुई थी। वस?तुतः ये घटनाएँ और भारत सरकार के निर्णय स्पष्ट करते हैं कि भारत अपने नागरिकों के हित निर्णायक निर्णय लेता है। अतः पेमा वांग थोंगडोक का प्रकरण इस पूरी श्रृंखला का नवीनतम अध्याय है। जिसमें वे कहती भी हैं, ह्लमैं भारत में रहती भी नहीं हूं इसलिए भारत सरकार का कोई भी कदम मेरे लिए नहीं बल्कि यहां रहने वाले मेरे साथी भारतीयों और अरुणाचलवासियों के सम्मान के लिए होगा। हम एक राष्ट्र हैं और एकझ्रदूसरे के लिए खड़े हैं। यह कथन बदलते भारत की राजनीतिक संस्कृति का प्रतीक है, जिसमें नागरिक वोटर या करदाता होने तक सीमित नहीं, वह राष्ट्रझ्रहित का मुख्य आधार माना जाता है। आज भारत इसलिए सशक्त दिखता है क्योंकि उसके नागरिक सुरक्षित महसूस करते हैं। नागरिक इसलिए सुरक्षित महसूस करते हैं क्योंकि उनकी सरकार स्पष्ट, निर्णायक और हर चुनौती का सामना करने के लिए तत्पर है। यही नई भारतीय नीति है, जिसमें नागरिक प्रथम, संप्रभुता और अखंड राष्ट्रीय एकता की गूंज है, जिसने आज पेमा वांग थोंगडोक के साथ जो घटा उसे एक सामान्य घटना से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बना दिया है।

# बिहार की नई सरकार के सामने विकास की नई चुनौतियाँ और वादे

**अबिहार आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उम्मीदों का पहाड़ ऊँचा है और चुनौतियों की घाटियाँ गहरी। विकास का नया अध्याय तभी संभव होगा जब सरकार वादों से आगे बढ़कर उन्हें जमीन पर उतारने की विश्वसनीय रणनीति बनाए। बिहार एक ऐसा राज्य है जिसकी सांस्कृतिक संपदा और ऐतिहासिक धरोहरें अद्वितीय हैं, लेकिन विकास के सूचकांकों पर उसकी छलाँग अभी अधूरी है।**



महेन्द्र तिवारी

बिहार के 2025 विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिला प्रचंड जनादेश सिर्फ एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि राज्य की सामाजिक-आर्थिक मनोवृत्ति में आते परिवर्तन का संकेत भी है। यह परिणाम बताता है कि जनता ने स्थिरता, विकास और सुशासन के वादे पर विश्वास जताया है। लेकिन सत्ता का यह व्यापक अवसर उतनी ही बड़ी जिम्मेदारियाँ लेकर आता है। बिहार आज ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ उम्मीदों का पहाड़ ऊँचा है और चुनौतियों की घाटियाँ गहरी। विकास का नया अध्याय तभी संभव होगा जब सरकार वादों से आगे बढ़कर उन्हें जमीन पर उतारने की विश्वसनीय रणनीति बनाए।

बिहार एक ऐसा राज्य है जिसकी सांस्कृतिक संपदा और ऐतिहासिक धरोहरें अद्वितीय हैं, लेकिन विकास के सूचकांकों पर उसकी छलाँग अभी अधूरी है। युवाओं की बड़ी मात्रा रोजगार के लिए बाहर जाती है, उद्योगों का आधार कमजोर है, और सामाजिक सुरक्षा ढाँचा अभी भी कई हिस्सों में छिद्रपूर्ण है। फिर भी, इस चुनाव परिणाम ने एक संदेश दिया है कि जनता परिवर्तन चाहती है—ऐसा परिवर्तन जो दिखे, छुए, और उनके जीवन में वास्तविक सुधार लाए। सरकार के 25 संकल्प इसी परिवर्तन की दिशा में रखी गई एक महत्वाकांक्षी नींव हैं। परंतु संकल्प तभी सार्थक होंगे जब वे ठोस नीति, पारदर्शी प्रशासन और सशक्त क्रियान्वयन से जुड़े हों।

रोजगार का प्रश्न बिहार की राजनीति और सामाजिक चिंताओं का सबसे बड़ा केंद्र रहा है। यहाँ के युवाओं को अक्सर प्रवासी मजदूर की पहचान लेकर जीना पड़ा है। नई सरकार ने एक करोड़ रोजगार सृजन का दावा किया है, जो उत्साहजनक जरूर है, लेकिन यह वादा सिर्फ घोषणाओं से पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और लॉजिस्टिक्स के सुधार की जरूरत होगी। बिहार जैसे राज्य में निजी निवेश आकर्षित करना आसान नहीं, लेकिन असंभव भी नहीं। यदि सरकार उद्योगों के लिए स्थिर नीति, बेहतर कानून-व्यवस्था, और सस्ती भूमि-सुविधाएँ सुनिश्चित करे, तो राज्य में उद्योगों का विस्तार संभव है। कृषि-आधारित उद्योग, फूड प्रोसेसिंग, टेक्नोलॉजी व स्टार्टअप मॉडल जैसे क्षेत्रों में अपार संभावनाएँ मौजूद हैं।

कानून-व्यवस्था बिहार का वह विषय है जिसने दशकों तक राज्य की छवि को प्रभावित किया है। नीतीश कुमार की ₹सुशासन₹ छवि ने ही उन्हें बार-बार जनादेश दिलाया, पर नई सरकार के सामने चुनौती है कि वह अपराध, भ्रष्टाचार और सामाजिक तनाव को रोकने के लिए पहले से अधिक कठोर और आधुनिक ढाँचा तैयार करे। पुलिस बल की संख्या बढ़ाने से लेकर साइबर मॉनिटरिंग और डिजिटल पुलिसिंग जैसे कदम उठाने होंगे। विकास तब ही संभव है जब लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो।

आर्थिक और औद्योगिक विकास के लिए सरकार ने 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य साहसिक है, लेकिन राजनीतिक इच्छा शक्ति और प्रशासनिक सुधार के बिना यह कागजों में सिमट सकता है। बिहार को कृषि राज्य से आगे बढ़ाकर एक औद्योगिक और सेवा-क्षेत्र आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए व्यापक संरचनात्मक बदलावों की जरूरत है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, रेललाइनें और स्मार्ट सिटी मॉडल के वादों का प्रभाव तभी दिखेगा जब वे योजनाएँ समयबद्ध तरीके से पूरी हों। केंद्र के साथ बेहतर समन्वय, निवेशकों के लिए सुव्यवस्थित नीति और पारदर्शिता इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

महिला सशक्तिकरण राज्य के सामाजिक ढांचे को मजबूत करने का सबसे प्रभावी मार्ग है। सरकार ने महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में शामिल करने के लिए दो लाख रुपये तक सहायता और 'मिशन करोड़पति' जैसी योजनाएँ प्रस्तावित की हैं। यदि ये योजनाएँ क्रियान्वयन तक पहुँचती हैं, तो यह न केवल महिलाओं की आय बढ़ाएंगी बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार लाएंगी। महिलाओं को सौर ऊर्जा आधारित उद्यमों और स्व-रोजगार योजनाओं से जोड़ना सामाजिक बदलाव की दिशा में बड़ा कदम हो सकता है। मगर इस क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि योजनाएँ कागज से निकलकर गांव और कस्बों की महिलाओं तक वास्तविक रूप में पहुँचें।

स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी राज्य की प्रगति की आत्मा हैं। मुफ्त शिक्षा, मेडिकल कॉलेजों का विस्तार और आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे की घोषणा स्वागतयोग्य है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाएँ अभी भी सीमित और असमान रूप से वितरित हैं। यदि सरकार स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करे, डॉक्टरों की संख्या बढ़ाए, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश करे, तो राज्य की बड़ी आबादी को राहत मिल सकती है। इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, डिजिटल सुविधाएँ और कौशल-आधारित पाठ्यक्रम भविष्य के रोजगार परिदृश्य को मजबूत करेंगे।

भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना बिहार के विकास का अनिवार्य तत्व है। ई-गवर्नेंस, डिजिटल मॉनिटरिंग और पारदर्शी प्रशासन से ही जनता का विश्वास बहाल हो सकता है। भ्रष्टाचार विरोधी संस्थानों को मजबूत करना और नौकरशाही में जवाबदेही सुनिश्चित करना इस दिशा में अहम होगा। सरकार यदि इस मोर्चे पर सफल होती है, तो उसके बाकी संकल्पों का प्रभाव भी सहज ही दिखाई देगा।

जनादेश बड़ा है, इसलिए अपेक्षाएँ भी बड़ी हैं। चुनौती यह नहीं कि सरकार ने कितने वादे किए हैं; चुनौती यह है कि वह कितने वादों को समयबद्ध, पारदर्शी और जनहितकारी तरीके से पूरा कर पाती है। बिहार का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि अगले पाँच साल में नीतियाँ कितनी दूरदर्शिता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ लागू होती हैं। यदि सरकार इन चुनौतियों को अवसर में बदलने की क्षमता दिखाती है, तो बिहार वाकई में विकास का नया अध्याय लिख सकता है—और एक बार फिर देश को दिखा सकता है कि परिवर्तन इच्छा से नहीं, संकल्प और क्रियान्वयन से आता है।

मोबाइलः 9989703240
ईमेलःmahendratone@gmail.com

# रावण की 'स्वर्ग की सीढ़ियां', हरिद्वार से किन्नौर तक

पौराणिक कथाओं में लंकापति रावण को एक महान योद्धा और परम शिव भक्त के रूप में जाना जाता है। लेकिन रावण की एक इच्छा थी कि वह मनुष्यों के लिए सशरीर स्वर्ग जाने का रास्ता बना दें। जिससे किसी भी पुण्य कर्मों के बिना सीधे स्वर्ग मिल सके। इसके लिए रावण ने भगवान शिव की घोर तपस्या की थी और अमरता का वरदान मांगा। भगवान शिव ने वरदान देते हुए यह शर्त रखी कि अगर वह एक ही रात में पृथ्वी से स्वर्ग तक पांच सीढ़ियां बना देगा, तो उसको अमरता और स्वर्ग तक का मार्ग दोनों ही मिल जाएंगे। लंकापति रावण ने पूरी लगन और मेहनत से यह काम शुरू किया था, लेकिन चौथी सीढ़ी बनाते-बनाते वह थककर सो गया। इस तरह से लंकापति रावण का सपना अधूरा रह गया। माना जाता है कि आज भी रावण द्वारा बनाई गई चार अधूरी सीढ़ियां मौजूद हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रावण द्वारा बनाई गई स्वर्ग की सीढ़ियों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### रावण द्वारा बनाई गई स्वर्ग की 4 सीढ़ियां

रावण द्वारा बनाई गई स्वर्ग की चार सीढ़ियां जिनको पौड़ी भी कहा जाता है, आज भारत के अलग-अलग हिस्सों में पूजनीय तीर्थ स्थल के रूप में फेमस है। पहली सीढ़ी उत्तराखंड के हरिद्वार में स्थित है, जिसको आज हम हर की पौड़ी के नाम से भी जानते हैं।

'पौड़ी' शब्द का अर्थ सीढ़ी होती है। धार्मिक मान्यता है कि रावण ने इस स्थान पर स्वर्ग तक जाने वाली पहली सीढ़ी का निर्माण किया था। आज यह गंगा नदी के तट पर स्थित एक प्रमुख घाट है। यहां पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु मोक्ष की कामना के साथ डुबकी लगाते हैं।

वहीं स्वर्ग की दूसरी सीढ़ी हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में पौड़ीवाला नामक प्राचीन शिव मंदिर के पास बनी थी। धार्मिक मान्यता है कि यह वो स्थान है, जहां पर दशासन ने रावण ने दूसरी पौड़ी का निर्माण किया था। आज भी यह शिव मंदिर श्रद्धालुओं के बीच बहुत फेमस है।

स्वर्ग तक जाने वाली तीसरी सीढ़ी का रास्ता हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित चूड़ेश्वर महादेव मंदिर से होकर जाता है। यह मंदिर ऊंचाई पर स्थित है, यहां तक पहुंचने का रास्ता बहुत दुर्गम है। माना जाता है कि इस सीढ़ी तक पहुंचने पर देव दर्शन होते हैं।

स्वर्ग तक जाने वाली चौथी पौड़ी यानी की सीढ़ी हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थिल किन्नौर कैलाश पर्वत पर बनाई गई थी। यह स्थान भगवान शिव का पवित्र निवास स्थान माना जाता है। यह स्थान अपनी भव्यता, धार्मिक महत्व और दिव्यता के लिए फेमस है।

बताया जाता है कि चौथी सीढ़ी के निर्माण के दौरान रावण अत्यधिक थककर सो गया था। जिसकी वजह से वह पांचवी और आखिरी सीढ़ी नहीं बना पाया। ऐसे में रावण का सशरीर स्वर्ग जाने का सपना अधूरा रह गया। हालांकि कहा जाता है कि पांचवी सीढ़ी का रास्ता आज भी पृथ्वी पर कहीं मौजूद है

## टिप्स

### नींद न आने की समस्या

आजकल की बदलती लाइफस्टाइल के कारण लोगों की नींद काफी प्रभावित होती है। रोजाना कम घंटे की नींद के साथ सर्वाइव करना, लेट नाइट सोना, फोन स्क्रॉल करने के चक्कर में पर्याप्त नींद न लेना आदि लाइफस्टाइल का हिस्सा बनती जा रही हैं। हालांकि ऐसी तमाम स्टडीज सामने आ चुकी हैं, जिनमें कम नींद के साइड इफेक्ट्स के बारे में खुलासा हुआ है। वैज्ञानिकों के अनुसार, इससे न सिर्फ आपकी फिजिकल हेल्थ बल्कि मेंटल हेल्थ प्रभावित होती है। वहीं कई बीमारियों का जोखिम भी बढ़ जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की करीब 10% आबादी अनिद्रा का अनुभव करती है। यह एक आम नींद संबंधी विकार है। जिसमें रात में सोने में या सोते रहने में समस्या होती है। ऐसे में अर आप भी अनिद्रा के मरीज हैं, तो आपको कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए। वरना आपका रोजाना का यह स्ट्रगल बढ़ सकता है।

**जानिए क्या है अनिद्रा** : अनिद्रा को इनसोम्निया कहा जाता है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसकी वजह आपको रात में अच्छी नींद नहीं आती है, या फिर टूट-टूटकर नींद आती है। इसकी वजह से आप जल्दी जाग सकते हैं और हो सकता है कि दोबारा सो पाने में सक्षम नहीं होंगे। एक हेल्दी वयस्क को रोजाना रात में 7-9 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। अगर आप रोजाना 6 घंटे से कम सोते हैं, तो इससे आपका पूरा स्वास्थ्य प्रभावित होता है। ऐसे कंडीशन को बिल्कुल भी इग्नोर नहीं करना चाहिए।

**न करें ये गलतियां** : आमतौर पर अनिद्रा खतरनाक नहीं है। वहीं इसका इलाज करने के भी कई तरीके मौजूद हैं। आप कुछ गलतियों से बचकर और कुछ चीजों को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाकर इस समस्या से राहत पा सकते हैं। हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप रात में अच्छी नींद पा सकती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

साहिबगंज/बरहेट:थाना क्षेत्र के एक गांव के नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के चंद्रढीपा गांव की 17 वर्षीय नाबालिक का राजीभीट्टा थाना के केडो गांव के अजय मड़ैया से चार माह पूर्व से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजनों की सहमति से मार्च में शादी तय हुआ था। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि शादी तय होने को लेकर दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की डिमांड शुरू हो गई। कुछ दिन बाद ही उसकी पुत्री को युवक भगा ले गया। करीब 25 दिन बाद दामाद उसे लेकर वापस आया। इसके बाद 19 नवंबर को दमाद के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। 25 नवंबर को जब सभी लोग खेत में काम करने चले गए तब दोपहर बाद उसकी मां घर पहुंची तो देखा कि उसकी पुत्री ने अपने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका के भाई राजकुमार मढैया ने बताया कि मेरी बहन अक्सर पिताजी के मोबाइल से बातचीत करती रहती थी। उक्त दोनों की बातचीत मोबाइल में रिकॉर्ड था। रिकॉर्डिंग सुनकर प्रतीत होता है कि लिव इन रिलेशनशिप में दोनों लंबे समय तक रहे। मेरी बहन जब प्रेग्नेंट हो गई तो अजय ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया। जिससे बहन तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। उधर मामले की जानकारी मिलते ही बरहेट थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर थाना ले गई। बुधवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया गया। खबर लिखे जाने तक लड़की के पिता के आवेदन के आधार पर थाना में अजय मढैया और गंगाराम मढैया पर प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही थी।

### नवोदय स्कूल ने 6 विकेट से जीता मैच



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत बुधवार को जवाहर नवोदय विद्यालय बनाम मां गायत्री क्रिकेट बोरियो के बीच मैच खेला गया। मां गायत्री क्रिकेट ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.5 ओवर में 114 रन बना कर ऑल आउट हो गई। शुभम में 18, चंद्रेशखर साह ने 17, अंकित ने 13 रन की पारी खेली। नवोदय विद्यालय के गेंदबाज संजीत कुमार ने 4, दाऊद आलम व सोनू कुमार ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नवोदय विद्यालय की टीम 12.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 117 रन बना कर 6 विकेट से मैच जीत लिया। मां गायत्री क्रिकेट के गेंदबाज पीयूष कुमार ने 2 विकेट लिए। नवोदय विद्यालय के खिलाड़ी संजीत कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि संतोष सिंह ने संजीत को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग श्याम रंजन तिवारी व अभिषेक मिर्धा एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया। टूनार्मेंट इंचार्ज अशफाक आलम ने बताया कि 27 नवंबर को पोखरिया पैंथर बनाम रेलवे स्कूल के बीच मैच खेला जाएगा।

### वाहन के टक्कर हो जाने से युवक घायल



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र निवासी मुन्ना तुरी 35 अपने गांव निमघुटू से अपने ससुराल दलाही जा रहे थे। तभी तालझारी कल्यांचक मुख्य सड़क के बिशनपुर मोड़ के पास कल्याणचक के तरफ से तालझारी आ रहे किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से मुन्ना तुरी का दाहिना पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह वहीं सड़क पर गिरकर तड़पता रहा। आधे घंटे बाद स्थानीय लोगों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने रोड सेफ्टी नेक नागरिक प्रजापति प्रकाश बाबा को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर बाबा घटनास्थल पर पहुंच घायल को लेकर तालझारी सीएचसी पहुंचे और घायल के परिजन को घटना की जानकारी दी। इधर घायल की गंभीर स्थिति देख तालझारी थाना प्रभारी नितेश पांडे को घटना की सूचना दी गई। थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंच मुन्ना तुरी के मोटरसाइकिल अपने साथ थाना ले गई। हालांकि दुर्घटना कैसे हुई इसकी जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए परिजन घायल को अपने साथ ले गए।

### संघ के सचिव विजय करण के द्वारा भारत के प्रस्तावना को पढ़ा



**साहिबगंज :** संविधान दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज भवन में संघ के सचिव विजय करण के द्वारा भारत के प्रस्तावना को पढ़ा गया।मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के संजय जयसवाल,मानव पासवान,भानु प्रताप सील,प्रदीप कुमार लाल पासवान,गौतम प्रसाद सिंह सुनील कुमार, उमाशंकरप्रसाद,सूर्य नारायण यादव, देवनारायण यादव,विश्वनाथ यादव, अजय पंडित रंजीतजयसवाल श्री राम यादव,मुख्तार सिंह,ध्रुव सिंह ललित स्वदेशी मुनीलाल मंडल राजेश कुमार संजय मिश्रा अजय वर्मा विवेक कुमार अरविंद राय उत्तम दीप जितेंद्र मालाकार चंदन चौधरी,कुमार अभुदय झा,देवेंद्र सिंह,अमरेंद्र मोहती,कृष्ण वर्मा कृष्णानंद महावर,अवधेश झा,दिलीप झा सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

# किसानों का सभी कर्ज हो माफ और देशों से मुक्त व्यापार समझौता रद्द हो : श्यामसुंदर

संवाददाता

**साहिबगंज :** संयुक्त किसान मोर्चा एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर अपनी पच्चीस सूत्री मांगो को लेकर आज साहिबगंज रेलवे स्टेशन चौक पर कॉ असगर आलम की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम से विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को मांग पत्र सौपा।वही धरना को संबोधित करते हुए कॉमरेट श्यामसुंदर पोद्दार कहा कि दिल्ली के सीमाओं पर जो ऐतिहासिक किसान संघर्ष शुरू किया गया था और जिसे संयुक्त ट्रेड यूनियन का सक्रिय समर्थन प्राप्त था इस संघर्ष के 5 वर्ष पूरे होने पर व 736 शहीद किसानों के बलिदानों और 380 दिनों के लंबे संघर्ष ने कॉर्पोरेट परस्त और जल विरोधी कृषि कानून को निरस्त करने के लिए मजबूर कर दिया था हालांकि 5 साल बीतने के बाद अभी-अभी एक केंद्रीय सरकार के स्त्रद्वारा समिति गठित की गई है लेकिन 9 दिसंबर 2021 को एस के एम को दिए गए एमङ्क एसङ्क पीङ्क कर्ज राहत और बिजली स्त्रोत का निजीकरण न करने के लिए



लिखित आश्वासनों को अभी तक लागू नहीं किया है आज भारत की किसान पूरी तरह से बबार्दी के कगार पर हैं जबकि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नई एसपी का फामूर्ला के अनुसार धान 2369 के बाजाए 1400 रुपए प्रति कुंतल कपास 7761 की जगह ₹6000 मक्का 2400 की जगह 1800 सो रुपए पर किसन को बेचना पड़ रहा है एवं अभी तक भारत के किसानों को 29 लाख 6 हजार3 सो 20 करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है ।और किसानों को एक रुपया भी कर्ज माफी नहीं किया गया है। जबकि भारत सरकार के द्वारा पिछले 11 वर्षों में 16 लाख 41 हजार करोड रुपैया कॉरपोरेट को माफ किया गया है ।धरना में शरीफुल इस्लाम,गंगाधर यादव,मोहम्मद इशितयाक,अमरनाथ चौधरी,अजय यादव मोहम्मदफैसल हरी लाल गुप्ता,अकबर अली,मोहम्मद दिलकश,श्याम सुंदर पोद्दार,इरशाद अली,शमीम अख्तर,शशि लाल मुर्मू, रोहित मिंस,राजकुमार पन्ना,मंटू उड़ाओ, चमरू टूरी,निशा गुप्ता,फरहत खानम,रुखसाना खातून,समला बीवी,नीलू देवी,देवंती देवी,बसंती देवी,नीता देवी,क्रिया देवी,संध्या देवी,मंकी देवी,गीता देवी,लगी देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

क्या है मागें

सी 2+50% की दर पर खरीद की गारंटी के साथ एसपी के लिए तुरंत एक कानून बनाया जाए,बिजली बिल 2025 वापस लिया जाए बिजली दर वृद्धि को रोका जाए खेती के लिए किसानों को मुक्त बिजली और सभी गरीबों को 300 यूनिट मुक्त बिजली दिया जाए और प्रीपेड स्मार्ट मीटर बंद हो देश में किसानों के आत्महत्या को रोकने के लिए सभी किसानों का सभी कर्ज को माफ किया जाए एवं माइक्रोफाइनेंस कंपनियों को नियंत्रित,चार श्रम कोड को निरस्त किया जाए न्यूनतम वेतन का अधिकार की रक्षा एवं भारत पर 50% अमेरिकी टैरिफ भारत की संप्रभुता का उल्लंघन मानते हुए सख्त जवाब ,सार्वजनिक उपकरणों का निजीकरण बंद हो ,कृषि को डब्ल्यूटीओ से बाहर करें,बीज विधेयक 2025 को रद्द किया जाए।

9.2003 काम के साथ 600 रुपया प्रतिदिन के दर से मनरेगा मजदूरी और सभी किसान के लिए राशन कार्ड व वृद्ध किसानों को ₹10000 पेंशन,अमेरिका और ब्रिटेन या अन्य देशों से मुक्त व्यापार समझौता रद्द हो ,खाद बीज व दवा की कालाबाजारी बंद होराष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025 को रद्द हो,नई कृषि विपणन नीति रद्द हो, बाढ़ चक्रवात जैसे प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन करते हुए पर्याप्त मुआवजा दे, ग्राम सभा समिति के बिना भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाया जाए व भूमि अधिग्रहण बिल 2013 के अनुसार ही भूमि अधिग्रहण किया जाए। प्रदूषण से किसानों फसल की रक्षा करें,झारखंड राज्य के प्रत्येक पंचायत में धान क्रय केंद्र अभिलंब खोलकर धान की खरीद करें,भूमि बैंक रद्द किया जाए गैर मजरूवा जमीन की रसीद काटा जाए तथा गैर मजरूआ जमीन पर जोत आबाद कर रहे किसानों को पट्टा दें,सभी महिलाओं को मैया सम्मान योजना के तहत लाभ हो,साहिबगंज जिला अंतर्गत श्रीकुंड आरङ्क सीङ्क डीङ्क से शिवा पहाड़ आरङ्क सीङ्क डीङ्क तीन फसलीय जमीन पर सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाऐ,सभी जमीन के परचा धारकों को जमीन पर दखल दिलाया दे,सदर प्रखंड के रामपुर स्थित सकरी गली पंचायत में बाढ़ के कारण गोपालपुर दियारा में हुए कटाव से प्रभावित परिवारों को जमीन एवं घर उपलब्ध कराऐ, शहर के खास महल जमीन पर बसे सभी नौजवान युवक यूतियों को जाति आय निवास उपलब्ध कराऐ,साहिबगंज जिले में असर्वेक्षित जमीन को सर्वे करा कर सभी को मालिकाना हक दिया जाए एवं जमीन की खरीद बिक्री और रेवेन्यू रसीद काटने की अनुमति दिया जाए।

## किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर अविलंब सूचित करें : उपायुक्त

संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में गोपनीय कार्यालय कक्ष में ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने चल रहे विकासात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता व त्वरित गति से सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों का लाभ शीघ्र



उपलब्ध हो सके।बैठक में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रामाकांत सहित संबंधित विभाग के सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रखंडों,क्षेत्रों में प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर अविलंब सूचित करें। ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में देरी नहीं करनी।

## साहिबगंज के बांस और जलकुंभी उत्पादों की पहली खेप स्पेन रवाना

संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड के सदियों पुरानी पारंपरिक कला को नया आयाम देते हुए साहेबगंज जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी कारीगरों द्वारा निर्मित बाँस की टोकरी और अन्य उत्पाद अब अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं। पहली बार जिले के विभिन्न प्रखण्डों में तैयार कुल 2752 बाँस की टोकरी (छोटी एवं बड़ी की खेप वासीलोना, स्पेन के लिए रवाना की गई है। यह उपलब्धि जिले के कारीगरों की कला को वैश्विक मंच प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।जिले के उपायुक्त हेमंत सती के दिशा-निर्देशन में साहेबगंज के सभी प्रखण्डों में फैले पारंपरिक बाँस कारीगरों की पहचान, कौशल-विकास एवं बाजार उपलब्धता पर विशेष कार्य किया जा रहा है। कारीगरों को मूल्य संवर्द्धन हेतु विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसके बाद बाँस की टोकरी, पेपर बिन, लॉन्ड्री बिन एवं अन्य उपयोगी उत्पाद बड़े पैमाने पर तैयार किए जा रहे हैं।साहिबगंज के कारीगरों को वैश्विक बाजार से जोड़ने में रीडकॉफ्ट एंड अपहोल्डअर्थ प्राइवेट लिमिटेड, रांची महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जो जिले से तैयार सामानों का संग्रह कर उन्हें विदेश भेज रही है। इसके परिणामस्वरूप कारीगरों को न केवल बेहतर आय का अवसर मिलेगा, बल्कि उनका पारंपरिक हुनर भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाएगा।बाँस उत्पादों के साथ-साथ साहेबगंज जिला जलकुंभी से बनी वस्तुओं के निर्माण की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। घरेलू उपयोग की आकर्षक वस्तुओं का निर्माण कर इन्हें स्थानीय एवं बाहरी बाजारों में सफलतापूर्वक विक्री किया जा रहा है।यह पहल न केवल साहेबगंज के कारीगरों के लिए रोजगार का नया द्वार खोलेगी, बल्कि जिले की पारंपरिक कला को वैश्विक पहचान दिलाने में भी मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में साहेबगंज के बाँस और जलकुंभी उत्पाद अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी अलग पहचान बनाएंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।

## सभी रैयती जमीन का अधिग्रहण कर एयरपोर्ट निर्माण कराया जाएगा : गौतम भगत

संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अंचल क्षेत्र के हाजीपुर दियारा व भीठा में घरेलू एयरपोर्ट व एयर कार्बो हब निर्माण को लेकर प्रशासन की चिन्हित 484.30 एकड़ जमीन का भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण नई दिल्ली की छह सदस्यीय टीम ने मेघा रोहिल्ला के नेतृत्व में प्री विजिबिलिटी स्टडी की। इस दौरान अपर समाहर्ता गौतम भगत, सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द, सदर सीओ बासुकीनाथ टूडू ने टीम को स्थल भ्रमण करा उन्हें आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। टीम ने स्थल का भौतिक निरीक्षण कर नक्शे से इसका मिलान किया। वहीं प्रस्तावित भूमि के प्रकार, एयरपोर्ट एरिया, रनवे सहित एनएच 80, व एनएच 33 से इसकी दूरी रास्ते व अप्रोच आसपास पहाड़ व नदी, तालाब की पूरी जानकारी हासिल की। अपर समाहर्ता गौतम



भगत ने बताया कि दिल्ली से आई टीम ने स्थल निरीक्षण किया है। एक महीने बाद इसकी रिपोर्ट आएगी। टीम को बताना है कि यहां एयरपोर्ट बनाना है या नहीं। प्रशासन ने इसके लिए 495 एकड़ जमीन चिन्हित की है। जिसमें 57 एकड़ सरकारी व शेष जमीन रैयती है। सभी रैयती जमीन का अधिग्रहण कर एयरपोर्ट निर्माण कराया जाएगा।

## खनन विभाग की आयोजित समीक्षा बैठक संपन्न

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले केउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में खनन से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण पर सख्त रोक लगाने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहाँ भी नियमों का उल्लंघन मिले, वहाँ तत्काल प्रभाव से विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त श्री सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि– अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जहाँ-जहाँ अवैध खदानें चिन्हित हों उन्हें डोजर/रिंग के माध्यम से ध्वस्त किया जाए ताकि भविष्य में पुनः संचालित न हो सकें। जिले की सीमाओं एवं प्रमुख मार्गों पर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए। यदि किसी वाहन के कागजात अधूरे अथवा नियमों के विपरीत पाए जाएँ तो नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि खनन से संबंधित सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, विशेषकर रात्रिकालीन अवधि में गश्ती व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।

## हमें इसे सिर्फ पढ़ना नहीं बल्कि इसके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना होगा : बरकतुल्लाह

संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला कांग्रेस कमिटी कांग्रेस कार्यालय साहिबगंज में संविधान बचाओ दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम साहिबगंज नगर गांधी चौक स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।उसके बाद नगर परिषद कार्यालय प्रांगण स्थित संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।तत्पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय साहेबगंज में एक गोष्टी का आयोजन किया गया है।संविधान रक्षा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में कई वरिष्ठ कांग्रेसजनों से भाग लिया और संविधान के महत्व,मौलिक अधिकारों और नागरिक के कर्तव्यों पर अपने विचार रखे।जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन ने कहा कि संविधान हमें समानता और बंधुत्व का संदेश देता है। हमें धर्म जाति और भाषा से ऊपर उठकर इसके मूल्यों को अपनाना होगा।प्रदेश प्रतिनिधि मुर्शाद अली ने कहा कि ह्लसंविधान की रक्षा के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा,तभी हम देश को मजबूत बना सकते हैं।आज की युवा पीढ़ी को संविधान के प्रति जागरूक करना समय की जरूरत है।हमारा वोट ही हमारे अधिकारों की रक्षा का सबसे बड़ा हथियार है।ह्वजिला महासचिव सरफराज आलम ने कहा कि ह्लसंविधान केवल एक पुस्तक नहीं है,यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।इसकी रक्षा करना हर नागरिक का परम कर्तव्य है।बरहरवा प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू ने कहा कि संविधान की शिक्षा हमें स्कूलों से ही मिलनी चाहिए,ताकि बच्चे



अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझ सकें। पूर्व जिला अध्यक्ष अनुकूल मिश्रा ने कहा कि हमारे संविधान ने हमें स्वतंत्रता और समानता दी है,हमें इसका सम्मान करना सीखना होगा। जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि ह्लहमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है,जो हर नागरिक को समानता,स्वतंत्रता और बंधुत्व का अधिकार देता है।यह केवल कानून की किताब नहीं,बल्कि हमारे पूर्वजों की उम्मीदों का प्रतिबिंब है।हमें इसे सिर्फ पढ़ना नहीं,बल्कि इसके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना होगा।जब हम संविधान के मूल्यों की रक्षा करेंगे,तभी हम एक मजबूत,समृद्ध और शांतिपूर्ण भारत का निर्माण कर पाएंगे।ह्वसंगोष्ठी में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया और उपस्थित लोगों ने संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बासुकीनाथ यादव, नित्यानंद गुप्ता,उमेश पांडे, नूरजहां, दिलीप गुप्ता,शारिक रब्बानी, मो निजामुद्दीन अंसारी, सुनील पासवान,मो अल्ताफ,मो कमालुद्दीन, बेगम नूरजहां,अब्दुल कादिर, मो गुफरान, मनीष प्रताप, सागर मंडल, शिवम कुमार तांती, मोहम्मद मेराजुद्दीन, जमुना दास,मो सलाउद्दीन छोटेलाल रामानी, अनंतलाल भगत, जाहिद खान, गणेश मंडल, राम प्रकाश, सतीश पासवान, मो रिजवान, मो मोफिज आलम, अल्ताफ आलम, सूरज पासवान, अब्दुल कादिर, अनंत लाल भगत एवं दर्जनों कांग्रेसजन उपस्थित थे।





# रश्मिका मंदाना की राह पर कृति शेट्टी



कृति शेट्टी साउथ इंडिया सिनेमा में बहुत कम समय में तेज़ी से एक नया नाम बनकर उभर रही हैं, जिस पर ध्यान देना ज़रूरी है। अपनी बेहतरीन स्क्रीन प्रेज़ेंस, स्वाभाविक आकर्षण और उप्पेना, श्याम सिंघा रॉय, बंगाराजु और द वॉरियर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपने बहुमुखी अभिनय के साथ, उन्होंने दर्शकों और फिल्म निर्माताओं, दोनों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। जिस तरह एक समय में रश्मिका मंदाना ने पूरे देश में लोकप्रियता हासिल की थी, उसी तरह कृति भी अपनी शानदार अभिनय क्षमता और सादगी भरी मौजूदगी से उसी दिशा में आगे बढ़ती दिख रही हैं। जो उन्हें अपनी पीढ़ी के सबसे होनहार चेहरों में से एक बनाता है। काफी कम समय में, कृति ने प्रभावशाली भूमिकाओं का एक ऐसा संग्रह तैयार किया है। जिन किरदारों को कृति ने निभाया है, वे दिखाते हैं कि वह अलग-अलग जॉनर में — चाहे रोमांस हो या गंभीर ड्रामा — उनमें खुद को ढालने में पूरी तरह सक्षम हैं। उनके अभिनय में भावनात्मक जुड़ाव और कैमरे के सामने सहजता, उन्हें अपने समकालीन कलाकारों की तुलना में अलग पहचान दिलाती हैं। अपनी उम्र से कहीं ज़्यादा आत्मविश्वास और परिपक्वता दिखाने वाली कृति की यही खूबियाँ उन्हें उस इंडस्ट्री में अलग बनाती हैं जो हमेशा नई टैलेंट की तलाश में रहती है। कृति शेट्टी की पहचान सिर्फ एक मौजूदा लोकप्रिय कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद और टिकाऊ स्टार के रूप में बन रही है। वे अपने करियर में ऐसे किरदार और कहानियाँ चुन रही हैं जो न केवल उन्हें अभिनय का पूरा अवसर देते हैं, बल्कि व्यापक दर्शकों से जुड़ने का मौका भी। यह युवा अभिनेत्री, तेजी से बढ़ता फैन-बेस और कई भाषाओं की फिल्मों में उनकी मौजूदगी यह संकेत देती है कि कृति आने वाले समय में पैन इंडिया सुपरस्टार की श्रेणी में शामिल होने की राह पर हैं, और तेज़ी से दक्षिण सिनेमा की अगली बड़ी हस्ती बनती जा रही हैं।

# रुक्मिणी वसंत ने कांतारा - चैप्टर 1 को बताया ज़िंदगी बदल देने वाला अनुभव

आज जब कांतारा – चैप्टर 1 दुनियाभर में रिलीज़ हुई है, तब एक्ट्रेस रुक्मिणी वसंत ने अपने दिल की बात शेयर की। एक इमोशनल नोट में उन्होंने बताया कि कैसे ये सफर उन्हें एक कलाकार और इंसान दोनों रूपों में नया बना गया। उन्होंने लिखा –एक साल पहले मुझे 'कांतारा – चैप्टर 1' का हिस्सा बनने का मौका मिला। इस फिल्म ने मुझे चुनौती दी, मुझे सिखाया, मेरे हुनर को निखारा और ज़िंदगी को एक नया नज़रिया दिया। ये फिल्म सच में प्यार और जुनून से बनी है – सैकड़ों लोगों की मेहनत से, जिन्होंने दिन–रात एक कर दिया। इस जादुई फिल्म का हिस्सा बनकर मैं बेहद आभारी हूं। रुक्मिणी ने फिल्म के कप्तान ऋषभ शेट्टी को दिल से शुक्रिया कहा- ऋषभ सर इस प्रोजेक्ट की रीढ़ हैं। सर, आपका जुनून, मेहनत और विज़न मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा रहा। मुझ पर भरोसा करने और इस सफर में मेरा साथ देने के लिए दिल से धन्यवाद।

उन्होंने होम्बले फिल्म्स की पूरी टीम – विजय किरागंदूर, चालुवे गौड़ा, आदर्श और उन सभी अनसुने हीरोज़ का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर इस अनुभव को जीवंत बनाया। और सफर अभी शुरू ही हुआ है। कांतारा – चैप्टर 1 के बाद रुक्मिणी अब दो बड़े प्रोजेक्ट्स में नज़र आएंगी – रॉकिंग स्टार यश के साथ टॉक्सिक और प्रशांत नील की एनटीआर जूनियर वाली मेगा फिल्म में।

# 'परफेक्ट कपल 2' में नजर आएंगे ईशान खट्टर



ईशान खट्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में सीरीज 'परफेक्ट कपल' की अपनी एक को-एक्ट्रेस के साथ फोटो शेयर किया। इस फोटो के शेयर करते हुए, उस पर कैप्शन लिखा, 'सीजन टू?' आगे लिखा, 'परफेक्ट कपल मिल गया।' शो के मेकर्स को भी ईशान खट्टर ने यह पोस्ट टैग की है। ईशान खट्टर अपनी पोस्ट के जरिए मेकर्स को हिंट दे रहे हैं कि सीरीज 'परफेक्ट कपल 2' करना चाहते हैं। यही ख्वाहिश उनकी को-एक्ट्रेस की भी है। बताते चलें कि अमेरिकन सीरीज 'परफेक्ट कपल(2024)' में ईशान का रोल ज्यादा बड़ा नहीं था, फिर भी वह दर्शकों को याद रह गए। इस मर्डर मिस्ट्री सीरीज को सुजैन बियर ने निर्देशित किया था। निकोल किडमैन जैसी हॉलीवुड की नामी एक्ट्रेस के साथ ईशान को एक्टिंग करने का मौका सीरीज 'परफेक्ट कपल' में मिला। ईशान सीरीज में एक शूटर के रोल में थे।

### इन सीरीज में भी दिखे ईशान खट्टर

सिर्फ 'परफेक्ट कपल' सीरीज में ही ईशान खट्टर ने अभिनय नहीं किया है, उन्होंने मीरा नायर निर्देशित वेब सीरीज 'सूटेबल ब्वॉय' में भी काम किया है। इसके अलावा वह भूमि पेडनेकर के साथ सीरीज 'द रॉयल्स' में नजर आ चुके हैं।

# शशांक खैतान ने दिया दुल्हनिया 3 पर अपडेट



**बॉलीवुड में नई पीढ़ी की सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक आलिया भट्ट और वरुण धवन की जोड़ी फिर से पर्दे पर वापसी करेगी या नहीं, इस सवाल का जवाब हर फैन पिछले कई वर्षों से तलाश रहा है। हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया और बद्रीनाथ की दुल्हनिया जैसी हिट फिल्मों के बाद दर्शक लंबे समय से इस सीरीज के तीसरे पार्ट 'दुल्हनिया 3' का इंतजार कर रहे हैं। अब इस पर निर्देशक शशांक खैतान ने बड़ा अपडेट दिया है।**

हाल ही में बॉलीवुड बबल को दिए एक इंटरव्यू में शशांक खैतान ने कहा, हम सब चाहते हैं कि 'दुल्हनिया 3' बने। चाहे मैं हूं, आलिया हो या वरुण– सभी इस फ्रेंचाइज से जुड़े हैं। लेकिन अभी तक हमें वो सही कहानी नहीं मिली है, जो हमें और दर्शकों को संतुष्ट कर सके। उन्होंने साफ किया कि टीम लगातार आइडिया पर बातचीत कर रही है लेकिन अब तक कोई ठोस प्लान तैयार नहीं हुआ है। शशांक ने यह भी कहा कि दुल्हनिया सीरीज को मिली जबरदस्त मोहब्बत को देखते हुए वे जल्दबाजी में फिल्म बनाकर दर्शकों को निराश नहीं करना चाहते।

### सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि कहानी मायने रखती है

निर्देशक के मुताबिक, किसी भी सफल फ्रेंचाइज का अगला पार्ट तभी बनाया जाना चाहिए जब उसके पास बताने के लिए एक मज़बूत और मजेदार कहानी हो। उनका कहना है कि दुल्हनिया 3 तभी आएगी जब टीम को लगेगा कि यह कहानी पिछले दोनों पार्ट्स से भी ज्यादा असरदार और मनोरंजक है।



# मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है

फिल्म जन्नत 2 से धमाकेदार डेब्यू करने के बाद अब ईशा गुप्ता को बॉलीवुड में 13 साल पूरे हो चुके हैं। इन सालों में ईशा ने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में बातचीत में ईशा ने अपने इस सफर को एक ऐसे रोलरकोस्टर की तरह बताया, जिसमें बहुत सारा सीखना, बढ़ना और नए अनुभव शामिल रहे। अपने काम के प्रति बदले नज़रिए पर ईशा कहती हैं, वक़्त के साथ चीज़ें बदल गई हैं और मेरा नज़रिया भी। पहले मैं स्क्रिप्ट के बारे में सोचती थी, लेकिन अब मेरा ध्यान सिर्फ़ किरदार और डायरेक्टर की सोच पर होता है। एक साधारण कहानी भी सही फ़िल्ममेकर के हाथों में मास्टरपीस बन सकती है। अगर मेरा रोल सिर्फ दो मिनट का हो, तब भी मैं उसे पूरी मेहनत से करती हूं, क्योंकि राइटर ने वो किरदार मेरे लिए लिखा है। गौरतलब है कि फिल्मों में अपने किरदारों के अलावा ईशा मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे को लेकर भी काफी जागरूक हैं। बिना किसी लाग-लपेट के वह कहती हैं, इसमें कोई शक नहीं है कि आज भी हमारे देश में मेंटल थेरेपी को गलत नज़र से देखा जाता है, जबकि हकीकत यह है कि एक स्वस्थ दिमाग ही थेरेपी का चुनाव करता है। हममें से ज़्यादातर लोग थेरेपी के लिए इसलिए जाते हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि ये हमारी बेहतरी के लिए है, जबकि जिन्हें इसकी ज़रूरत है, वे कभी जाते ही नहीं। सच खून, तो मुझे आगे बढ़ने में मेरी थेरेपी ने बहुत मदद की है। मैं हमेशा कहती हूं कि अगर आपके पास पैसा है, तो उसे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर खर्च करो और उसे स्वस्थ रखो, क्योंकि इनके बिना बाकी सब बेकार है। जहां तक ईशा के अगले प्रोजेक्ट की बात है, ईशा जल्द ही धमाल 4 में अजय देवगन के साथ नज़र आएंगी। उन्होंने हाल ही में इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो ईद 2026 पर बड़े स्तर पर रिलीज़ होगी। इसमें दो राय नहीं है कि जन्नत 2 से लेकर अब तक ईशा ने बतौर अभिनेत्री खुद को बार-बार तराशते हुए एक कलाकार बनने का सफर तय किया है और उनका यह सफर सिर्फ पर्दे पर ही नहीं, बल्कि पर्दे के बाहर भी जुनून, लगन और आत्मविकास की प्रेरणादायक कहानी है।

# पर्थ की पिच को बहुत अच्छी रेटिंग, दो दिन में खत्म हुए टेस्ट पर भी आईसीसी ने जताई संतुष्टि



**नई दिल्ली :** पहले एशेज टेस्ट के केवल दो दिनों में समाप्त होने के बावजूद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पर्थ की पिच को 'बहुत अच्छी' रेटिंग दी है। यह रेटिंग मैच रेफरी रंजन मदुगले ने जारी की। आईसीसी की चार-स्तरीय पिच रेटिंग प्रणाली में ह्यबहुत अच्छीह्ल सबसे उच्च श्रेणी होती है, जो पिच में अच्छी उछाल, सीम मूवमेंट की सीमित भूमिका और पूरे मैच में समान गति दर्शाती है। दो दिन चले इस मुकाबले में पहले दिन ही 19 विकेट 305 रन पर गिर गए थे। दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड द्वारा दिए गए 205 रन के लक्ष्य को एक ही सत्र में आसानी से हासिल कर लिया। मुकाबले को देखने के लिए दो दिनों में 1,01,514 दर्शक स्टेडियम पहुंचे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ ऑफ क्रिकेट जेम्स ऑलसोप ने कहा कि मैच सिर्फ दो दिन में खत्म होना उन दर्शकों के लिए निराशाजनक था जिनके पास तीसरे और चौथे दिन का टिकट था, लेकिन पर्थ स्टेडियम की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच शानदार संतुलन बनाया। उन्होंने कहा,ह्लमैच रेफरी की ह्यबहुत अच्छीह्ल रेटिंग यह साबित करती है कि पर्थ स्टेडियम की पिच ने बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को बराबर मौका दिया। दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन और मुकाबले की तीव्रता ही टेस्ट जल्दी खत्म होने का कारण बना। हालाँकि दर्शकों के लिए यह निराशाजनक था, लेकिन जिस तरह का रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला, उसने बड़ी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया और इस गर्मी में और भी बच्चों को क्रिकेट खेलने के लिए प्रेरित करेगा।

# डब्ल्यूपीएल ऑक्शन: ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की होगी मांग, महिला क्रिकेट की दिग्गज खिलाड़ी जाएंगी बड़े दांव पर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मेगा ऑक्शन में इस बार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की जबरदस्त मांग देखने को मिलेगी। मौजूदा और पूर्व राष्ट्रीय कप्तान एलिसा हीली और मेग लैनिंग सहित 23 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले इस बड़े ऑक्शन में शामिल होंगी। यह 2023 के उद्घाटन सत्र के बाद लीग का पहला मेगा ऑक्शन है। इस बार मेगन शुट्ट, सोफी मोलिनेयू और टाहलिया मैकग्रा जैसी दिग्गज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगी, जबकि तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन पहली बार नीलामी सूची में शामिल हुई हैं।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का रिजर्व प्राइस50 लाख रुपए: एलिसा हीली, मेग लैनिंग, फीबी लिचफील्ड, किम गार्थ, जॉर्जिया वेयरहम, हीदर ग्राहम।

**40 लाख रुपए:** जॉर्जिया वोल, अलाना किंग।

30 लाख रुपए: ग्रेस हैरिस, जेस जोनासन, डार्सी ब्राउन, लॉरेन चीटल, अमांडा-जेड वेलिंगटन, निकोला कैरी।

**10 लाख रुपए:** मिली इलिंगवर्थ, लॉरा हैरिस, निकोल फाल्टम, जॉर्जिया रेडमेन, कोर्टनी वेब, सामंथा बेट्स, सोफी डे, लूसी हैमिल्टन, चार्ली नॉट।

ऑक्शन दिल्ली में शाम 3.30 बजे आयोजित होगा।

टीमें बदलेंगी अपना नया रूप

डब्ल्यूपीएल की पाँचों टीमें इस बार बड़े बदलाव से गुजरेंगी क्योंकि वे अधिकतम पाँच खिलाड़ियों को ही रिटेन कर पाई हैं। केवल दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति और एक अनकैप्ड भारतीय को रखना अनिवार्य होने से टीमों के लिए अपना कोर बनाए रखना मुश्किल हुआ है।

हाल ही में घोषित रिटेन लिस्ट में चार ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी शामिल थे–

एशले गार्डनर और बेथ मूनी (गुजरात जायंट्स)

एलिस पेरी (आरसीबी)

एनेबल सदरलैंड (दिल्ली कैपिटल्स)

इस बार कुल 277 खिलाड़ी नीलामी में उतरेंगे, जिनमें 194 भारतीय और 83 विदेशी हैं। कुल 73 स्लॉट खाली हैं, जिनमें से अधिकतम 23 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हो सकते हैं।

आरटीएम कार्ड का पहली बार उपयोग

इस सीजन टीमें पहली बार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का उपयोग कर सकेंगी, जिसके जरिए वे अपने पूर्व खिलाड़ियों को बोली मिलान कर वापस ले सकती हैं।

डब्ल्यूबीबीएल के प्रदर्शन से बढ़ेगी बोली

नीलामी डब्ल्यूबीबीएल के बीच में हो रही है इसलिए हालिया प्रदर्शन खिलाड़ियों के मूल्य पर बड़ा असर डालेगा।

मेग लैनिंग झ सबसे हॉट पिक

डब्ल्यूबीबीएल 11 में 327 रन और 135 रन की विस्फोटक पारी के बाद लैनिंग की मांग सबसे ज्यादा होगी। हालांकि वे सबसे पहले बिड में आएँगी, जिससे टीमें शुरूआत में बड़ी रकम खर्च करने से हिचक सकती हैं।

### एलिसा हीली–चोटों के कारण अनिश्चितता

हीली इस सीजन फॉर्म में नहीं हैं और चोटों से उबर रही हैं। यूपी वारियर्स की पूर्व कप्तान होने के बावजूद शुरूआती सेट में आने से उनके लिए बड़ी बोली की संभावना कम हो सकती है।

# मध्?य प्रदेश में सर्दी दिखा रही अपने तेवर, सात शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे, ग्वालियर-चंबल में सबसे ठंडी रात

– प्रदेश में 2 दिन बाद फिर तेज सर्दी का दौर होगा शुरू

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान तेजी से लुढ़का है और अब चंबल संभाग सबसे ठंडा क्षेत्र बन गया है। बुधवार रात को सबसे कम तापमान नौगांव दर्ज किया गया। वहीं, ग्वालियर समेत सात शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। वहीं, प्रदेश में दिन में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं दिन ठंडे हैं तो कहीं धूप असर दिखा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में ऐसा मौसम हवा की दिशा बदलने और बादल छाने से बना है। अगले दो दिन तक तापमान में ऐसा ही उतार-चढ़ाव का दौर रहेगा, लेकिन फिर तेज सर्दी का दौर शुरू हो जाएगा। देश के दक्षिणी हिस्से में एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छा रहे हैं। इससे दिन में ठंडक बढ़ी है, जबकि रात के तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर है। पहाड़ी राज्य-उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी जरूर हो रही है, लेकिन विंड पैटर्न यानी, हवा की दिशा बदलने की वजह से उत्तरी हवाएं प्रदेश में नहीं आ रही है। दूसरी ओर, बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। जिसकी वजह से प्रदेश में हल्के बादल है। इससे दिन में ठंडक बढ़ गई है, जबकि रात के तापमान में 5 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। मंगलवार-बुधवार की बात करें तो भोपाल में 15.4 डिग्री, इंदौर में 15.1 डिग्री, ग्वालियर में 9.3 डिग्री, उज्जैन में 16.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, छतरपुर के नौगांव में सबसे कम 7.8 डिग्री, मुरैना में 8.8 डिग्री, रीवा में 8.9 डिग्री, दतिया-चित्रकूट में 9.6 डिग्री, खजुराहो में 9.8 डिग्री और सीधी में तापमान 10 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले 48 घंटे तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा, लेकिन 29 नवंबर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके बाद उत्तर से ठंडी हवाएं तेज होंगी और प्रदेश में तेज सर्दी का दौर शुरू हो जाएगा। कुछ इलाकों में शीतलहर की स्थिति भी बन सकती है।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में न्यूनतम तापमान गिरने से तेज ठंड ने अपनी पकड़ की और मजबूत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बुधवार रात को तेज ठंड ने अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। कश्मीर मौसम कार्यालय के डेटा के अनुसार घाटी में ज्यादातर जगहों पर रात भर तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है। कश्मीर में कई स्टेशन जमावट बिंदु से नीचे रहे। श्रीनगर में शून्य से नीचे 4.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा जबकि शोपियां में सबसे कम तापमान शून्य से नीचे 6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पुलवामा और बारामूला में तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस, पंपोर में तापमान शून्य से नीचे 5.5 डिग्री सेल्सियस और अनंतनाग में तापमान शून्य से नीचे 5.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। श्रीनगर एयरपोर्ट पर तापमान शून्य से नीचे 5.2 डिग्री सेल्सियस और पहलगाम में तापमान शून्य से नीचे 5.0 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। दूसरे स्टेशनों में बडगाम तापमान शून्य से नीचे 4.6 डिग्री सेल्सियस, बांदीपोरा में तापमान शून्य से नीचे 4.5 डिग्री सेल्सियस, अवंतीपोरा में तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस, सोनमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस, गांदरबल में तापमान शून्य से नीचे 3.3 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस और कोकरनाग तापमान शून्य से नीचे 1.6 डिग्री सेल्सियस शामिल थे। गुलमर्ग थोड़ा ज्यादा शून्य से नीचे 1.0 डिग्री सेल्सियस पर रहा जबकि कुलगाम में शून्य से नीचे 2.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जेथन राफियाबाद गिरकर शून्य से नीचे 5.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जोजिला पास सबसे ठंडा इलाका रहा जहाँ शून्य से नीचे 16.0 डिग्री सेल्सियस पर जमा देने वाला तापमान रहा। जम्मू इलाके में मैदानी इलाकों में तापमान जमाव बिंदु से ऊपर रहा, जम्मू में 8.7 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 8.5 डिग्री सेल्सियस, कठुआ में 8.2 डिग्री सेल्सियस और जम्मू एयरपोर्ट में 10.1 डिग्री सेल्सियस रहा। ऊपरी इलाके ज्यादा ठंडे रहे, बनिहाल में शून्य से नीचे 1.5 डिग्री सेल्सियस, भद्रवाह में 0.4 डिग्री सेल्सियस, बटोत में 4.0 डिग्री सेल्सियस, रामबन में 4.1 डिग्री सेल्सियस, राजौरी में 2.0 डिग्री सेल्सियस, किश्तवाड़ में 3.4 डिग्री सेल्सियस, रियासी में 6.9 डिग्री सेल्सियस, सांबा में 6.9 डिग्री सेल्सियस और उधमपुर में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## नगर पालिका नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में समुद्र बोस को ईडी का नोटिस

एजेंसी



**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दमकल मंत्री सुजित बोस के बेटे समुद्र बोस को नगरपालिका नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में फिर नोटिस भेजा है। एजेंसी ने उन्हें शुक्रवार को हाजिर होने के लिए कहा है। इससे पहले 24 नवंबर को भी उनसे लंबी पूछताछ की गई थी। समुद्र बोस बुधवार को साल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे थे, जहां जांचकताओं ने उनसे नियुक्ति मामले को लेकर कई सवाल किए। सूत्रों का कहना है कि समुद्र के कुछ वित्तीय लेनदेन और पुराने दस्तावेजों को लेकर ईडी को और जानकारी चाहिए, इसलिए उन्हें दोबारा बुलाया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी बहन मोहिनी भी दस्तावेज लेकर ईडी दफ्तर पहुंची थीं। उससे एक दिन पहले मोहिनी के पति से भी पूछताछ हुई थी। दोनों के बीच कुछ महीने पहले अलगाव हुआ है और ईडी कारोबार से जुड़े लेनदेन व उसमें भ्रष्टाचार के पैसों के इस्तेमाल की कड़ियां मिलाने की कोशिश कर रही है। जनवरी 2024 में ईडी ने लेकटाउन में सुजित के दो घरों पर छापेमारी की थी और वहां से कई दस्तावेज और मोबाइल फोन जब्त किए थे। हाल ही में जांच को तेज करने के लिए एजेंसी ने कोलकाता के कई इलाकों में दोबारा छापे मारे। साल्टलेक सेक्टर वन में मंत्री के दफ्तर और गॉल्हाटा में समुद्र के ढाबे से भी कई दस्तावेज मिले हैं। फिलहाल, बोस परिवार ईडी की निगरानी में है।

## बीएलओ समय से करें एसआईआर का कार्य, समस्या पर अधिकारियों को दें जानकारी

एजेंसी



**महोबा :** उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद में गुरुवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने निरीक्षण कर बीएलओ को जल्द से जल्द विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण(एसआईआर) कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें और समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचना दें। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एसआईआर कार्य के लिए जनपद मुख्यालय स्थित आल्हा चौक पर बीएलओ राम बिहारी गुप्ता और दीपक कौशल द्वारा लगाए गए कैंप का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने समय से एसआईआर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन मतदाताओं को गणना प्रपत्र मिल चुके हैं, उन्हें समय से संबंधित बीएलओ के पास जमा कर दें, ताकि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से न छूट जाए। साथ ही बीएलओ को किसी भी समस्या पर तुरंत अधिकारियों को सूचित करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि निर्वाचन कार्य राष्ट्रीय दायित्व है, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी शिवध्यान पाण्डेय, तहसीलदार, नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी अवधेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे हैं।

## असेवा गांव में जल जीवन मिशन की खुदाई के बाद सड़कें बदहाल

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया ब्लॉक के ग्राम असेवा में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन बिछाने का काम पूरा तो कर दिया गया है, लेकिन कार्य के दौरान उखाड़ी गई आरसीसी और इंटरलॉकिंग सड़कों को जस का तस छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गांव की प्रमुख गलियों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे पैदल चलना और वाहनों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़कें पूरी तरह तोड़ दी गईं, लेकिन निर्माण एजेंसी ने उन्हें दोबारा ठीक कराने की कोई व्यवस्था नहीं की। बरसात या हल्की सी भी बारिश में गलियां कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं और बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को आवागमन में बड़ी दिक्कत होती है। गांव निवासी आशाराम, सत्यदेव शर्मा, अरुण सेंगर, छुटकू सेंगर, सर्वेश, बलभयासी सविता, सुरेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने बताया कि गली मरम्मत न होने की वजह से लोगों का निकलना-घुसना तक मुश्किल हो गया है। उन्होंने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के बाद की मरम्मत कार्य जल्द कराया जाए, ताकि गांव की सड़कें फिर से सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## मुख्यमंत्री ने ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**नैनीताल :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल प्रवास के दौरान बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए प्रदेशभर में रेन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराये जाएं और असहाय व बेघर लोगों को समय पर राहत मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि नगरों और कस्बों में सायंकाल नियमित रूप से अलाव जलाये जाएं और इनकी सतत निगरानी की व्यवस्था की जाये। साथ ही आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, वितरण और निगरानी की दैनिक रिपोर्ट प्रशासन द्वारा प्रस्तुत की जाये, ताकि ठंड से बचाव के लिये किये जा रहे प्रयास प्रभावी रूप से लागू हो सकें। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सुबह की सैर के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी नगर में होने लगी ठंड महसूस की। ठंड से बचाव के लिये एक ठेले से चाय पी और बाजार में जलती अलाव से हाथ भी सेके।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के कार्यों की समीक्षा

एजेंसी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 1 अण्णे मार्ग स्थित ह्यसंकल्पह्ण में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग और निगरानी विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यों में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग एवं निगरानी विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने दोनों विभागों की वर्तमान स्थिति और कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों विभाग राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए निगरानी विभाग महत्वपूर्ण, संवेदनशील और सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

नीतीश कुमार ने दोहराया कि सरकार का उद्देश्य न्याय के साथ विकास और जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार-मुक्त बिहार बनाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन और पारदर्शिता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन से आम जनता को सीधा और त्वरित लाभ मिलना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में होने वाले डीजीपी–आईजी सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट परिसर में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षकों के 60वें राष्ट्रीय सम्मेलन (डीजीपी-आईजी कॉन्फ्रेंस) में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री 29-30 नवंबर को इस सम्मेलन में पूरे समय उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक 28-30 नवंबर तक आयोजित हो रहे इस सम्मेलन का मकसद पुलिसिंग की मुख्य चुनौतियों से निपटने में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करना और ह्यविकसित भारतह्ण के राष्ट्रीय विजन के हिसाब से ह्यसुरक्षित भारतह्ण बनाने के लिए एक आगे का रोडमैप बनाना है। ह्यविकसित भारतः सिक्योरिटी डाइमेंशन्सह्ण थीम के तहत होने वाली इस कॉन्फ्रेंस में वामपंथी उग्रवाद, आतंक प्रतिरोध, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिस से जुड़ी फोरेंसिक साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल जैसे मुख्य सुरक्षा मुद्दों पर विस्तार में बातचीत होगी। प्रधानमंत्री खास सर्विस के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी देंगे। यह सम्मेलन देशभर के सुरक्षाकर्मियों को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर खुलकर और सार्थक चर्चा करने के लिए एक आवश्यक सहभागिता मंच प्रदान करता है। यह पुलिस बल के सामने आने वाली कार्यगत, अवसंरचनात्मक और कल्याण संबंधी चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने में भी सहायता करता है। साथ ही अपराध से निपटने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आंतरिक सुरक्षा के खतरों से निपटने के लिए पेशेवर तरीकों को विकसित करने और साझा करने में भी मदद करता है। सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, गृह राज्यमंत्री, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक तथा केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख उपस्थित होंगे। नए और नवाचारपूर्ण विचार प्रस्तुत करने के उद्देश्य से राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के गृह विभाग के प्रमुख तथा उपमहानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक स्तर के कुछ चुनिंदा नवोदित पुलिस अधिकारी भी सम्मेलन में प्रत्यक्ष रूप से भाग लेंगे।

# शेयर बाजार ने रचा इतिहास, सेंसेक्स और निफ्टी 14 महीने के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर

एजेंसी



**नई दिल्ली :** शेयर बाजार ने इतिहास रच दिया । हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को शेयर बाजार ने भारी उछाल के साथ रिकॉर्ड बना दिया है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीद एवं विदेशी पूंजी प्रवाह से अनुकूल वैश्विक रुझानों के बीच शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने-अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। बाजार में शुरूआती कारोबार में भारी उछाल देखने को मिल रहा है। बॉम्?बे स्?टॉक एक्?सेंचज (बीएसई) का सेंसेक्स 416.67 अंक उछलकर 86,026.18 अंक के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 27 सितंबर, 2024 को सेंसेक?स 85,978.25 अंक पर पहुंचा था। वहीं, नेशनल स्?टॉक एक्?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 101.65 अंक बढ़कर 26,306.95 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। फिलहाल सेंसेक?स 400.86 अंक यानी 0.47 फीसदी की उछाल के साथ 86,010.37 के स्?तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 78.10 अंक यानी 0.30 फीसदी की तेजी के साथ 26,283.40 के स्?तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे, जबकि इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में गिरावट है। उल्?लेखनीय है कि एक दिन पहले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का सेंसेक्स 1022.50 अंक यानी 1.21 फीसदी चढ़कर 85,609.51 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 320.50 अंक यानी 1.24 फीसदी बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ था।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 135 अंक उछला



**नई दिल्ली :** शेयर बाजार आज बढ़त के साथ हरे निशान पर खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 166.48 अंक यानी 0.19 फीसदी की उछाल के साथ 85,775.99 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक?सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 47.40 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 26,252.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।
शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार में ऑटो, फाइनेंस और बैंकिंग के शेयर्स में बढ़त है। इसके अलावा एशियाई बाजार में कोरिया का कोस्पी 0.85 फीसदी ऊपर 3,994 पर और जापान का निक्केई 1.30 फीसदी ऊपर 50,203 पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.14 फीसदी की गिरावट है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले 30 शेयरों पर आधारित बीएसई का सेंसेक्स 1022.50 अंक यानी 1.21 फीसदी चढ़कर 85,609.51 पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 320.50 अंक यानी 1.24 फीसदी बढ़कर 26,205.30 पर बंद हुआ था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### माफिया अतीक के छोटे बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित धूमनगंज थाना में गुरुवार को अतीक के बेटे अबान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामला सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो से जुड़ा है। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि बीते दिनों सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें मृत माफिया अतीक का सबसे छोटा बेटा अबान अपने सहयोगियों के साथ दबंगई दिखाने का प्रयास कर रहा है। वायरल वीडियो के संबंध में धूमनगंज थाने में अबान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नेकां की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था की मुख्य बैठक श्रीनगर में शुरू

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) की दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक आज नवा-ए-सुबह में पार्टी मुख्यालय में शुरू हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला करेंगे जिसमें मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित होंगे। बैठक में संगठनात्मक मामलों और जम्मू-कश्मीर में चल रहे राजनीतिक विकास पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बीच पत्रकारों से बातचीत में जदीबल के विधायक तनवीर सादिक ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला ने कार्यसमिति की बैठक बुलाई है जिसमें मौजूदा परिस्थितियों और मुद्दों पर चर्चा होगी. उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम बैठक में क्या चर्चा हुई, इस पर मीडिया को औपचारिक बयान जारी करेंगे। संगठनात्मक विस्तार या नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं पर सवालों के जवाब में सादिक ने कहा कि ऐसे फैसले पार्टी नेतृत्व उचित समय पर लेता है। उन्होंने कहा कि केवल मुख्यमंत्री ही जानते हैं कि उनका सत्रावसान कब और कैसे करना है। उन्होंने कहा कि चर्चा प्रक्रिया चल रही है। इस बीच एनसी नेता अब्दुल मजीद लारमी ने पुष्टि की कि आगा सैयद रूहुल्लाह मेहदी को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है और इसमें भाग लेना उनकी पसंद है'

### सड़क हादसे में दो सगे भाईयों की मौत, दो अन्य घायल

**हरिद्वार :** जनपद के कनखल थाना क्षेत्र के ग्राम जियापोता में गुरुवार की सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो भाईयों की मौत हो गयी। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का उपचार चल रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक कनखल थाना क्षेत्र के ग्राम कटारपुर निवासी दो भाई साकिब(21 वर्ष)और वासिक(18वर्ष) पुत्र ताहिर पासपोर्ट बनवाने के लिए घर से बाईक पर सवार होकर गुरुवार की सुबह निकले थे। बताते हैं कि ग्राम जियापोता में सामने से आ रही दूसरी बाईक से उनकी टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाईक सवार दोनों युवकों में एक पीछे से आ रही बस के नीचे और दूसरा ट्रक के नीचे जा गिरे। दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरी बाईक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत नाजुक बताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हादसे के बाद ट्रक और बस चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस दोनों की तलाश में जुटी है।

### आईएएस के बयान पर ब्राह्मणों में गुस्सा, कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

**फरुर्खाबाद :** मध्य प्रदेश शासन में कृषि विभाग के उपसचिव पद पर कार्यरत संतोष वर्मा आईएएस के आरक्षण के समर्थन को लेकर बयान से नाराज ब्राह्मणों ने गुरुवार को राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा के बैनर तले कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने गृहसचिव को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बयान को घृणित व निन्दनीय बताया है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरक्षण के सम्बन्ध में ब्राह्मण बेटियों के सम्बन्ध में जो टिप्पणी की है, उससे सम्पूर्ण भारत के ब्राह्मण को अत्मीय ठेस पहुंची है। जिसे लेकर ब्राह्मण समाज में रोष व्याप्त है। आरक्षण का उद्देश्य समानता का स्तर बढ़ाना था, जो कि आज विषमता की खाई को और बढ़ा रहा है। राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा मांग करता है कि उक्त विकृत एवं दूषित मानसिकता के उपसचिव संतोष वर्मा को पदीय दायित्व से मुक्त करके विद्वेष मूलक एवं घृणित बयान देने के लिये मुकदमा दर्ज करके सामाजिक विद्वेष, राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फैलाने के लिये विस्तृत जांच कराते हुये दण्डित किया जाये, ताकि आईएएस जैसे उच्च पदों पर बैठे लोग समाज और राष्ट्र को तोड़ने के षड्यंत्रों में शामिल न हों। महासभा समाज विरोधी गतिविधियों में शामिल सभी व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही चाहता है। किसी भी संस्था का व्यक्ति को सामाजिक ताने-वाने को तोड़ने एवं राष्ट्र की अस्मिता से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं देता है। इसलिये ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करने की मांग करता है। जिससे भविष्य में अन्य कोई व्यक्ति इस प्रकार की दूषित भावना के साथ कृत्य न कर सके। ज्ञापन देने वालों में अमन दुबे, सुमन दुबे, अंकित दीक्षित, केशव अवस्थी सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

### सोशल मीडिया पर महिला से दोस्ती करनी पड़ी भारी, ऑनलाइन स्टोर चलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपए की ठगी

**नोएडा :** उत्तर प्रदेश के नोयडा में थाना साइबर क्राइम में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फेसबुक के माध्यम से एक महिला से उसका संपर्क हुआ। उस महिला ने ऑनलाइन स्टोर चलाने के लिए उसे प्रोत्साहित किया तथा अपने झांसे में लेकर उनसे करीब 60 लाख रुपए की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम श्रीमती शैव्या गोयल ने बताया कि मनोज नेहरा पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी सेक्टर 43 ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ समय पूर्व फेसबुक के माध्यम से माही नाम की एक महिला से उनकी बातचीत हुई। उसने अपना व्हाट्सएप नंबर दिया। दोनों की बातचीत होने लगी। पीड़ित महिला के ऊपर विश्वास करने लगा। इसी बीच महिला ने कहा कि वह ऑनलाइन स्टोर चलाती है, जो यूएस की कंपनी है। इसमें ऑनलाइन स्टोर कोई भी खोल सकता है। ऑनलाइन स्टोर खुलने पर आर्डर आते हैं। उस ऑर्डर का आपको पेमेंट करना होता हैं। डिलीवरी होने के बाद आपके वॉलेट में पैसा आ जाता है। उसे पैसे को आप विड्रॉल कर सकते हैं। इसमें 15 से 20 प्रतिशत का प्रॉफिट होता है। उन्होंने बताया कि पीड़ित के अनुसार महिला ने उससे कहा कि वह यह स्टोर 3 साल से चला रही है। जब उन्हें उसकी बात पर विश्वास हो गया तो उन्होंने भी ऑनलाइन स्टोर चलाने की बात कही। महिला ने उन्हें एक लिंक भेजा तथा उन्होंने भी ऑनलाइन स्टोर शुरू कर दिया। पीड़ित के अनुसार उसके बाद वह स्टोर पर पेमेंट जमा करके आर्डर लेता रहा। एक बार ज्यादा ऑर्डर आने पर कुछ पैसे की कमी हुई तो महिला ने भी कथित रूप से उसे आर्थिक मदद की। पीड़ित के अनुसार महिला ने धीरे-धीरे अपने जाल में फंसाया तथा उक्त ऑनलाइन स्टोर में उनके द्वारा करीब 60 लाख रुपए जमा कर दिए गए। बाद पता चला कि वह धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## बीमार व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पीजेएमसीएच ने निकाला बाहर

**दुमका :** शिकारीपाड़ा प्रखंड के रामगढ़ गाँव के रहने वाले प्रेमलाल राय उम्र 47 वर्ष सोमवार को अचानक बेहोस हो गए। अचेतावस्था में परिजन उसे पीजेएमसीएच दुमका में भर्ती कराया। यहाँ इसे 11:40 अट में भर्ती कराया गया जिसे 3:00 ढट में हाइयर सेंटर रेफर कर दिया गया। मरीज को परिजन के नाम पर उसकी छोटो बहन और विकलांग बहनोई है। इस गरीब असहाय को बाहर ले जाने वाला कोई नहीं था। बाबजूद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने बार बार दबाब दे कर उसे ढखटउल्ह से बुधवार सुबह बाहर निकाल दिया। लाचारी की अवस्था में परिजन उसे वापस घर ले गए। वह जीवन के लिए मौत से लड़ाई लड़ रहा है। अब उसे किसी रहनुमा का इंतजार है।

## खनन विभाग की हुई समीक्षा बैठक

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले केउपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में खनन से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने अवैध खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भंडारण पर सख्त रोक लगाने हेतु स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर नियमित निरीक्षण किया जाए तथा जहाँ भी नियमों का उल्लंघन मिले, वहाँ तत्काल प्रभाव से विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त श्री सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं संचालकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जहाँ-जहाँ अवैध खदानें चिन्हित हों उन्हें डोजर/रिंग के माध्यम से ध्वस्त किया जाए ताकि भविष्य में पुनः संचालित न हो सकें। जिले की सीमाओं एवं प्रमुख मार्गों पर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए।
यदि किसी वाहन के कागजात अधूरे अथवा नियमों के विपरीत पाए जाएँ तो नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि खनन से संबंधित सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए, विशेषकर रात्रिकालीन अवधि में गश्ती व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।उन्होंने सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारियों को नियमित रूप से वाहनों की जांच करने का निदेश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार सहित वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## वृद्धि और वंश के प्रथम वर्षगाँठ पर उपस्थित हुए लोग, दिया आशीर्वाद



चक्रधरपुर स्थित महात्मा गाँधी पार्क में प्रख्यात व्यवसायी और समाजसेवी विनोद कुमार साहू के पोता - पोती के प्रथम वर्षगाँठ पर लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें आशीर्वाद और बधाई दिया। इस मौके पर परिजन, मित्रगण और शुभचिंतक उपस्थित थे। झारखंड के वरीय पत्रकार विनय मिश्रा ने भी सपरिवार उपस्थित होकर दोनों बच्चों को अपना आशीर्वाद और बधाई दिया।

## जल-नल योजना की पोल खुली करोड़ों खर्च, पानी एक बूंद नहीं




**सिमडेगा/ ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा पंचायत के जिलिंगा कारापानी व भावनाडीपा केन्दपानी में जल-नल योजना पूरी तरह अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की शिकार हो चुकी है। पीएचडी विभाग द्वारा करोड़ों की लागत से बनाई गई इन जल मीनार योजनाओं में सिर्फ मीनार खड़ा कर देने के अलावा कोई कार्य ढंग से नहीं हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जहां जल मीनार के लिए नई बोरिंग होनी थी, वहां विभाग ने वर्षों से खराब पड़े पुराने चापाकल की ही बोरिंग पर जल मीनार खड़ा कर दिया। इससे साफ है कि योजना की नींव ही तकनीकी मानकों के विपरीत रखी गई, जो पूरे प्रोजेक्ट की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाती है। ग्रामीणों के अनुसार– अब तक किसी भी घर तक नल कनेक्शन नहीं पहुंचा है। योजना स्थल पर योजना बोर्ड तक नहीं लगाया गया, जिससे यह स्पष्ट नहीं है कि किस वर्ष, कितनी लागत और किस एजेंसी द्वारा कार्य होना था–जो पारदर्शिता का मूल आधार होता है।
सोलर पैनल भी बेहद छोटा साइज का लगाया गया है, जो जलापूर्ति के लिए आवश्यक लोड संभालने में सक्षम ही नहीं है।
पाइपलाइनें का काम शून्य, एक भी घर में नल स्थापित नहीं है और जल मीनार शोपीस बनकर खड़े हैं। भारत आदिवासी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने विभाग पर तीखा प्रहार करते हुए कहा– यह जल जीवन मिशन नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार मिशन बन गया है। विभागीय अधिकारियों ने कागजों पर काम पूरा दिखाने के लिए मीनार तो खड़ा कर दिया, लेकिन गांव वालों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। योजना बोर्ड न लगाना, छोटे सोलर पैनल लगाना और खराब चापाकल की बोरिंग पर जल मीनार खड़ा कर देना यह साबित करता है कि कार्य में भारी गड़बड़ी हुई है। हम इसकी उच्च स्तरीय जाँच और दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता तो भारत आदिवासी पार्टी ग्रामीणों के साथ व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। ग्रामीण आज भी पानी के लिए झरनों और कुओं पर निर्भर हैं, जबकि जल-नल योजना कागजों में ह्यपूर्णह्ल दिखाई जा रही है। अब जिम्मेदारी प्रशासन की है कि वह इस गंभीर लापरवाही को कब तक अनदेखा करता है, या पीड़ित गांवों को वास्तविक पेयजल सुविधा कब उपलब्ध कराई जाती है।

# सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम: 18 पंचायत व 10 नगर निकायों में शिविर आयोजित

### ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया वृद्धा व दिव्यांग पेंशन, जाति आवासीय आय और जन्म प्रमाणपत्र वितरित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** राज्य सरकार के निर्देश पर 21 से 28 नवंबर तक पंचायतों में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन करने के प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार आज दिनांक 25.11.2025 को कोडरमा जिला अन्तर्गत आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत सतगावां प्रखंड के टेहरो/ समलडीह/ अंबाबाद, डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया/ ढाब/ बंगाखलार, कोडरमा प्रखंड के पाण्डेयडीह/ लरियाडीह/ पथलडीहा, चंदवारा प्रखंड के कांको/ खांडी/ चंदवारा पश्चिमी, जयनगर प्रखंड के रूपायडीह/ गोहाल/ घरौंजा, तथा मरकच्चो प्रखंड के कादोडीह/ तेलोडीह/ मरकच्चो उत्तरी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। झुमरी तिलैया नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 16, 17, 18, 23, 24 एवं 25, नगर पंचायत कोडरमा के वार्ड संख्या 08 (सामुदायिक भवन, महाबीर मुहल्ला), वार्ड संख्या 09 (कन्या मध्य विद्यालय, कोडरमा बाजार), वार्ड संख्या 10 (प्राथमिक विद्यालय, हरिसभा) तथा नगर पंचायत डोमचांच के वार्ड संख्या 09 (दक्षिण पंचायत भवन), वार्ड संख्या 10 (उ.म.वि. मंझलीटांड़–आयुष) में शिविर का आयोजन किया गया। इसके




अलावा आपकी- योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सुरक्षा से जुड़े हुए पेंशन, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति, पंचायती राज, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, कृषि सहकारिता, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, समाज कल्याण, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस विभागों द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी व लाभ से लाभान्वित किया गया। सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत लगे शिविर में काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं और अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दे रहे हैं। जिसमें पदाधिकारियों द्वारा आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का निस्तारण किया गया। वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन की मामले का निष्पादन कर ऑन द स्पॉट लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही लाभुकों को जाति आवासीय आय और जन्म प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इसके अलावे आज के कार्यक्रम में भूमि से संबंधित मामलों का निपटारा, विभिन्न प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, ई-श्रम कार्ड, जॉब कार्ड का वितरण, जेएसएलपीएस की दीदियों को ऋण से लिंकेज, सर्वजन पेंशन योजना के अलावा विभिन्न परिसम्पतियों का वितरण सुयोग्य लाभुकों के बीच किया गया। इसके अलावे आपके अधिकार-आपकी सरकार आपके द्वार के अन्तर्गत सेवा का अधिकार सप्ताह कार्यक्रम के तहत जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा सरकार की चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से सभी को अवगत कराया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के योजनाओं को प्रदर्शन करते हुए स्टॉल लगाया गया था, जहां योजनाओं से जुड़ी जानकारी के प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट का वितरण भी लोगों के बीच किया गया।

## संताल परगना स्थापना दिवस को लेकर आयोजित बैठक संपन्न



**शिकारीपाड़ा :** आगामी 22 दिसंबर को ऐतिहासिक संताल परगाना स्थापना दिवस समारोह आयोजन को लेकर मंगलवार को आदिवासी अधिकार मोर्चा के सदस्यगण सहित स्थानीय प्रबुद्धजीविगणों का एक बैठक संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता आदिवासी अधिकार मोर्चा के अध्यक्ष सह समाज सेवी हाबिल मुर्मू ने किया। बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज के प्रबुद्धजीविगणों ने अपना निज विचार साझा करते हुए बताया कि एशिया महादेश का प्रथम जनक्राँति संताल हुल उपरांत 22 दिसंबर 1855 को एक अलग प्रांत संताल परगाना प्राप्त हुआ। इसके बाद 1949 में संताल परगाना काश्तकारी अधिनियम (पूरक प्रावधान) के तहत आदिवासियों का स्वशासन और जल जंगल जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। बताया कि आज की नव पीढ़ी में ऐतिहासिक जानकारी की आपुर्ति तथा ऐतिहासिक मूल्यों के प्रति बौध्दिक विकास में सकारात्मक वृद्धि लाने के लिए वृहत स्तर पर प्रखंड स्तरीय संताल परगाना स्थापना दिवस समारोह आयोजन करने का आवश्यक महसूस की जा रही है।

संताल परगाना स्थापना दिवस समारोह का सफल आयोजन को लेकर तमाम पंचायत जनप्रतिनिधिगण, ग्राम प्रधान, लेखा होड़, सरकारी व गैर सरकारी नौकरी पेशे से जुड़े गण्यमान्य बुद्धिजीवीगणों का एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 30 नवंबर 2025 (रविवार) को दोपहर शिकारीपाड़ा इंटर महाविद्यालय के बगल पर अवस्थित फुटबॉल खेल मैदान पर आयोजन करने का निर्णय लिया गया तथा इस बैठक पर सहर्ष शामिल होने के लिए आदिवासी समाज से अपील किया गया। बैठक में आदिवासी अधिकार मोर्चा के पदाधिकारीगण सहित स्थानीय प्रबुद्धजीवि जयनारायण मुर्मू, मलिक हेम्ब्रम, वकील बास्की, मार्टिन मंगल सोरेन,अमरनाथ मुर्मू, ग्रीन मुर्मू, भागवत मरांडी, प्रभु मार्शेल मुर्मू, प्रोमिला मरांडी, मनु मुर्मू, मैसा किस्कू, सिबास मुर्मू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भारतीय संविधान की प्रस्तावना के आदर्शों को अपनाना चाहिए : डीसी

**संवाददता**

**दुमका :** भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस उत्साह एवं मयार्दा के साथ मनाया गया। मौके पर जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इसके उपरांत उपायुक्त समेत जिले के अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।
अपने वक्तव्य में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह हमारी लोकतांत्रिक परंपराओं, न्याय, समानता और स्वतंत्रता का आधार है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में निहित आदर्शों को हमें अपने कार्यों और व्यवहार में अपनाना चाहिए।



भारत का संविधान
हम, भारत के लोग, भारत को एक 'संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० को एतद्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते है।

## आपकी सरकार आपके द्वार ने बदली राज्य की तस्वीर : वीरेंद्र मिश्रा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र मिश्रा ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा जनहित में संचालित सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले इसको लेकर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत कैंप लगाकर शहर तथा गांव में फायदा उपलब्ध कराने का अभियान जारी है उम्मीद है आप इसको अच्छी तरह समझते होंगे प्रिय साथियों आप सबों की जिम्मेदारी बनती है कि इस योजना को सफल बनाने में अपने महत्वपूर्ण समय का कुछ समय निकालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें हेमंत सोरेन की सरकार का संकल्प है की झारखंड की जनता को स्वावलंबी बनाया जाए खासकर महिलाओं को जो पहले पराधीन हुआ करती थी सरकार के जारी योजनाओं ने महिलाओं को उम्मीद का एक पंख लगा दिया है पलायन का दर्द झेल रहा झारखंड एक नई रोशनी की फिराक में है मुझे व्यक्तिगत तौर पर खुशी होती है कि पूरे भारत में झारखंड एक ऐसा राज्य है जिसने जनहित में जारी योजनाओं को उनके दरवाजे तक पहुंच कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है आने वाले समय में हम रहे या ना रहे लेकिन मेरी उपलब्धियां लोगों को हमेशा याद रहे यह हेमंत सोरेन सरकार का संकल्प है लिए हम सब मिलकर इन योजनाओं को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें झारखंड मुक्ति मोर्चा के लिए या गर्व की बात है जिसने विषम परिस्थितियों में भी अपने वादों को निभाने का काम किया आपको जानकारी है की आजादी के 75 साल बाद भी देश का नागरिक अगर 5 किलो राशन के लिए लाइन में लगता है तो यह देश के लिए गर्व की नहीं शर्म की बात है ।

## अपर पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार को मिली आईपीएस में पदोन्नति

**ज्योति पाठक**

झारखंड पुलिस के वरीय पुलिस अधिकारी अविनाश कुमार को आईपीएस में पदोन्नति मिल गई है शीघ्र ही इसकी अधि सूचना भी जारी होगी । झारखंड के तेज तर्रार और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए अपनी पहचान रखने वाले अविनाश कुमार झारखंड के उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी के रूप में भी पहचाने जाते हैं। श्री कुमार हजारीबाग जिला के बरही , सरायकेला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चतरा जिला में डीएसपी के रूप में पदस्थापित रह चुके हैं तथा अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो से निरंतर इन जिलों में अपनी सशक्त पहचान बनाई और काफी लोकप्रिय भी रहे जैप में भी इनके पद स्थापना काल काफी उपलब्धि भरी रही है। इनके पदस्थापना के पश्चात इनके बेहतर कार्य हमेशा



प्रशंसनीय रहे हैं इन्हें आईपीएस में पदोन्नति मिलने के पश्चात मेट्रो रेज के कोल्हान प्रभारी विनय मिश्रा ने उन्हें अपनी शुभकामना दी और कहा कि-
अविनाश कुमार झारखंड के उन पुलिस अधिकारी में शामिल है जिनकी बेहतर और उत्कृष्ट कार्य ही उनकी सशक्त पहचान है ऐसे पुलिस अधिकारी से विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## आरपीवाई ग्लोबल स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया

**कोडरमा :** आर पी वाई ग्लोबल स्कूल में संविधान दिवस बड़े हर्षोल्लास और गौरव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा संविधान को नमन करते हुए की गई कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा संविधान की प्रस्तावना के वाचन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने आकर्षक भाषण, प्रभावशाली रोल-बेस्ड डायलॉग, मनोरंजक स्किट, और ऊर्जा से भरपूर नृत्य प्रस्तुत किए। सभी प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्रों ने भारतीय संविधान की महत्ता, अधिकारों और कर्तव्यों का संदेश प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने शपथ ली और देश की एकता, अखंडता तथा संविधान के पालन का संकल्प दोहराया।

# संत जेवियर कॉलेज में जेवियर उत्सव का हुआ समापन

**संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में आयोजित तीन दिवसीय जेवियर उत्सव हर्षोल्लास और उल्लास के साथ समापन हुआ। इस वर्ष उत्सव की थीम ह्लसमृद्धिह्व रखी गई थी, जिसके तहत विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक, खेल और शैक्षणिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी दिखाई।समापन समारोह के मुख्य अतिथि, जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (क्सर), रांची के डॉ. फादर जोसफ मयार्नुष कुजूर उपस्थित थे। तथा विशिष्ट अतिथि रूप में संत जेवियर कॉलेज रांची के पूर्व प्रिंसिपल डॉ.फादर नाबोर लकड़ा एवं सिमडेगा कॉलेज के प्राचार्य डॉ देवराज प्रसाद और उपस्थित थे मुख्य अतिथि डॉ. फादर जोसफ मयार्नुष कुजूर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने, नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और सहयोग की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने छात्रों को अपने कौशल के साथ नैतिक मूल्यों को भी महत्व देने की प्रेरणा दी।वहीं



अंतिम दिन में सेमेस्टर 1 से 5 के विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्टता पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार भी वितरित किए गए। अच्छे आचरण के लिए दिव्या बंसल (ट.उङ्के, सेमेस्टर 4) और संदीप धनवार (राजनीति विज्ञान, पीजी सेमेस्टर 4) को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में आशीष बागे (वाणिज्य, सेमेस्टर 3) और विजेता बड़ाइक (अर्थशास्त्र, सेमेस्टर 2) को पुरस्कार प्रदान किया गया वही दिन दिवसीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए विशेष कलाकार नितीश कच्छप और चिंता देवी ने मधुर गीतों और ऊजार्वान प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस अवसर पर रेक्टर फादर पियूष खलखो, प्रिंसिपल फादर डॉ. रोशन बा, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर जेवियर भावरा, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्य फादर डॉ समीर जेवियर भावरा के द्वारा किया गया।